संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 24 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 323 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# महाराष्ट्र: महायुति की 'महाविजय'

● महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय, शिंदे बोले- सीएम तीनों पार्टियां मिलकर तय करेंगी; फडणवीस ने कहा- एक हैं तो सेफ हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई: महाराष्ट्र** में महायुति गठबंधन एक बार फिर सत्ता में काबिज हुई है। विधानसभा चुनाव में गठबंधन के तीनों दलों ने बेहतर प्रदर्शन किया और विपक्षी गठबंधन के घटक दलों को बड़े अंतर से पीछे छोड़ा है। वहीं इस प्रचंड जीत के बाद महायुति के प्रमुख नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और राज्य की जनता और सहयोगी दलों का आभार जताया। इस दौरान महायुति के नेताओं के बीच कुछ मजाकिया अंदाज भी देखने को मिला है।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महायुति नेताओं के बीच कुछ ऐसा संवाद देखने को मिला...**

**एकनाथ शिंदे:** जनता को सब याद था। इस चुनाव में लोगों ने यह ध्यान रखा कि कौन आखिर किस पार्टी का है। (अजित पवार की तरफ इशारा करते हुए) वैसे आपकी कौन सी राष्ट्रवादी से हैं? (ठहाकों के बीच) ...और इनकी पार्टी आखिर किसकी है, लोगों ने यह तय कर लिया।

**अजित पवार (ठहाकों के बीच):** इसी तरह जनता ने यह भी तो फैसला कर दिया कि शिवसेना आखिर किसकी है।

**एकनाथ शिंदे:** हमारी 56 सीटें आईं। अमित शाह जी, भूपेंद्र जी, नड्डा जी, राजनाथ सिंह जी हमारे साथ रहे।

अजित पवार (शिंदे को एक और नाम याद दिलाते हुए): आठवले साहब भी तो हैं...।

**एकनाथ शिंदे:** आठवले साहब तो हमारे साथ ही हैं। उनका तो सौ टका स्ट्राइक रेट रहता है।

वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा, लड़की बहन योजना हमारे लिए गेम चेंजर साबित हुई।

## महाराष्ट्र के क्षेत्रवार नतीजे: भाजपा ने कोंकण-विदर्भ में ताकत बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को आ गए। 23 नवंबर के परिणामों में लोगों की नजरें क्षेत्रवार नतीजों पर भी है। चुनाव के दौरान तमाम दलों ने क्षेत्र के हिसाब से अपनी रणनीतियां बनाईं और इसके तहत प्रचार किया। नतीजे से धीरे-धीरे साफ हो रहा है कि किसकी मेहनत कितनी रंग ला रही है।

**महाराष्ट्र में कितने क्षेत्र हैं?**
देश में उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बाद सबसे ज्यादा कहीं विधानसभा सीटें हैं तो महाराष्ट्र है। 288 विधानसभा सीटों वाला महाराष्ट्र



सियासी रूप से पांच क्षेत्रों में बंटा हुआ है। इन क्षेत्रों के आधार पर ही सत्ता के समीकरण बनते और बिगड़ते हैं। इनमें विदर्भ, मराठवाड़ा, पश्चिमी महाराष्ट्र, कोंकण और उत्तर महाराष्ट्र शामिल हैं।

**राज्य में क्षेत्रवार नतीजे कैसे हैं?**
**पश्चिमी महाराष्ट्र:** सीटों के लिहाज से पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्र सबसे अहम माना जाता है। राज्य की कुल विधानसभा सीटों में से एक चौथाई पश्चिमी

## यह विकास और सुशासन की ऐतिहासिक जीत: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के निर्णायक नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां की जनता का आभार जताया है। शनिवार को उन्होंने ट्वीट के माध्यम से कहा कि एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र के मेरे भाई-बहनों, खासकर राज्य के युवाओं और महिलाओं का हार्दिक आभार। यह स्नेह और गर्मजोशी अद्वितीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि महायुति गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा।जमीन पर उनके प्रयासों के लिए प्रत्येक एनडीए कार्यकर्ता पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले हर एक



कार्यकताओं ने कड़ी मेहनत की, लोगों के बीच गए और हमारे सुशासन के एजेंडे पर विस्तार से बात की। इस ऐतिहासिक जीत को सुशासन औ? विकास की जीत बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एकजुट होकर हम और भी ऊँचे उठेंगे। उन्होंने कहा कि एनडीए के जनहितैषी प्रयासों की गूंज हर जगह सुनाई दे रही है। विभिन्न राज्यों के लोगों को विभिन्न उपचुनावों में एनडीए उम्मीदवारों को आशीर्वाद देने के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने झारखंड में मिले जनसमर्थन के लिए उनका भी आभार व्यक्त किया।

## एक हैं तो सेफ हैं, मोदी है तो मुमकिन हैं: फडणवीस




**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई: महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव के नतीजों से तस्वीर लगभग साफ हो गई है कि राज्य में एक बार फिर महायुति की सरकार बनेगी। इस बीच, उप मुख्यमत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देवेंद्र फडणवीस जनता का आभार जताया है और मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा, इस पर भी बात की है।

**'विपक्ष के ध्रुवीकरण के प्रयासों को जनता ने किया विफल'**
पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि राज्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करता है। उन्होंने महिला मतदाताओं को भी धन्यवाद दिया।
फडणवीस ने कहा, झूठी कहानियों को प्रचारित करने और धर्म के आधार पर मतदाताओं के ध्रुवीकरण के विपक्ष के प्रयासों को जनता ने विफल कर दिया। **'मोदी हैं तो मुमकिन हैं....'**
भाजपा नेता ने कहा, महाराष्ट्र की जनता के सामने हम नतमस्तक और साष्टांग दंडवत हैं। मोदी जी ने 'एक हैं तो सेफ हैं' नारा दिया था। महाराष्ट्र ने इस नारे को यशस्वी बनाया।

### 'मुख्यमंत्री के चेहरे पर विवाद नहीं'

**फडणवीस** ने कहा, महाराष्ट्र की जनता ने दिखाया है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी ही बालासाहेब ठाकरे की असली शिवसेना है। मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई विवाद नहीं होगा।
पहले दिन से ही तय था कि चुनाव के बाद तीनों दलों के नेता एक साथ बैठेंगे और इस पर फैसला लेंगे। फैसला सभी को स्वीकार्य होगा। इस पर कोई विवाद नहीं है।

## उप्र: नतीजों ने भाजपा के साथ कांग्रेस को भी कर दिया खुश



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: उप्र** की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के रुझानों ने भाजपा को खुश कर दिया। इस उपचुनाव में दो सीटें सपा ने गवां दी। 62 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं वे कुंदरकी विधानसभा सीट पर जीत हासिल कर भाजपा ने सबको चौंका दिया। वहीं इस उपचुनाव ने भाजपा के साथ ही सपा के सहयोगी कांग्रेस को भी खुश कर दिया है। इसका कारण है कि समाजवादी पार्टी की हार के बाद आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मोलभाव करने में सुविधा होगी। वह अब यह कह सकेगी कि सपा अकेले दम पर उप्र में जीत का परचम नहीं लहरा सकती। इस चुनाव में सपा कांग्रेस को दो सीटें दे रही थी लेकिन अपने हिसाब से, इस कारण कांग्रेस ने चुनाव न लड़ना ही उपयुक्त समझा। उसने सपा का समर्थन किया। हालांकि इस चुनाव में कांग्रेस के पदाधिकारी निष्क्रिय ही रहे। इस मुद्दे पर कांग्रेस के पदाधिकारी खुलकर बोलने को तैयार नहीं हैं लेकिन एक पदाधिकारी ने कहा कि इस चुनाव से मुसलमानों ने किनारा किया। इससे यह बात सिद्ध हो गयी कि मुसलमान सपा के साथ नहीं, कांग्रेस के साथ हैं।

**जीत हासिल की**
▶▶ 62 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं वे कुंदरकी विधानसभा सीट पर जीत हासिल कर भाजपा ने सबको चौंका दिया

## केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा की शानदार जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून: के**दारनाथ उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत दर्ज की है। भाजपा उम्मीदवार आशा नौटियाल ने केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में 23,814 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के उम्मीदवार मनोज रावत को 5,622 वोटों के अंतर से हराया।

## विस चुनाव: झारखंड में 'हेमंत दोबारा' नारा सब पर पड़ा भारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची: झारखंड** में इस बार 'हेमंत दोबारा' नारा सब पर भारी पड़ा। यहां के मतदाताओं ने इसे सच साबित कर दिया है। हेमंत सोरेन ने झारखंडवासियों को उनके वनाधिकार, जमीन की सुरक्षा और आदिवासी अधिकारों जैसे मुद्दों पर लगातार उनको भरोसा दिलाया और उसी का नतीजा रहा कि झारखंड में एक बार फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बननी तय है।
इस बार के चुनाव में हेमंत सरकार की मईयां सम्मान योजना ने इंडी गठबंधन के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है, जिसकी वजह से एक बार फिर झारखंड में हेमंत सोरेन ने बाजी मार ली है। ऐसा पहली बार हुआ है कि झारखंड में किसी की सरकार रिपीट हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने चुनाव परिणाम के बाद अपने पहले संदेश में 'एक्स' पर लिखा है कि 'झारखंड जीत गया है'। झारखंड की 81 सीटों में से 71 सीटों पर परिणाम घोषित किए जा चुके हैं।

**भरोसा**
▶▶ हेमंत ने वनाधिकार, जमीन की सुरक्षा और आदिवासी अधिकारों जैसे मुद्दों पर लगातार उनको भरोसा दिलाया



## बिहार उपचुनाव: तेजस्वी के साथ लालू भी नाकाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना: बिहार विधानसभा की चार सीटों के लिए** 13 नवंबर को हुए मतदान के बाद 23 नवंबर को हुई मतगणना ने सियासी तस्वीरों को स्पष्ट कर दिया। कई दावों की पोल जनता ने खोलकर रख दी। यह चार सीटों का उपचुनाव था। इसे विपक्ष यानी महागठबंधन सेमीफाइनल भी बता रहा था। अब इस सेमीफाइनल की बात को दोहराने के लिए विपक्ष सामने नहीं आ रहा है क्योंकि इस बार चार-शून्य से महागठबंधन को हार मिली है। चार में से तीन सीटें महागठबंधन के पास थी, जिसमें लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनता दल के पास दो सीटें थी जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी के पास एक सीट थी।



**चार-शून्य के गणित से महागठबंधन ध्वस्त हो चुका है**
शनिवार दोपहर तक चारों सीटों पर उपुचनाव के नतीजे सामने आए तो सियासी गलियारे के एक खेमे में जश्न का माहौल है और दूसरे में मायूसी। तीन सीटों पर 2020 के विधानसभा चुनाव में जीतने वाले महागठबंधन को हार मिली। वहीं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा ने अपनी एक सीट कायम रखी।

**ध्वस्त हुए**
▶▶ इस सेमीफाइनल की बात को दोहराने के लिए विपक्ष सामने नहीं आ रहा है क्योंकि इस बार शून्य सीट मिली है

## वायनाड से जीती प्रियंका गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**वायनाड: केरल** की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ गए। कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी बड़ी जीत दर्ज की। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने के बाद उनकी बहन प्रियंका गांधी यहां चुनावी मैदान में उतरी थीं। करीब साढ़े तीन दशक का खुद का राजनीतिक अनुभव बताने वाली प्रियंका पहली बार चुनावी राजनीति में दाखिल हुई हैं। प्रियंका से पहले उनकी दादी इंदिरा, मां सोनिया और भाई राहुल भी दक्षिण भारत से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। देश में आपातकाल के बाद 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस विरोधी लहर चली और पार्टी को देश भर में हार का सामना करना पड़ा। लहर ऐसी कि इंदिरा गांधी को रायबरेली लोकसभा सीट पर हार का मुंह देखना पड़ा।



**पीके फेल हुए** बेलागंज विधानसभा सीट से जदयू उम्मीदवार मनोरमा देवी ने राजद के 34 साल के किले को ध्वस्त कर दिया है

## बिहार विधानसभा की चार सीटों पर हुए उपचुनाव में राजग की जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना: बिहार** विधानसभा की चार सीटों पर हुए उपचुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत हुई है। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के घर पर गठबंधन दल के नेताओं का आने का सिलसिला शुरू हो गया। सबसे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री आवास पहुंचे हैं। लोजपा (आर) के भी कई नेताओं का सीएम आवास में आना हुआ है। इन नेताओं में संजय झा और मनीष वर्मा शामिल हैं। बिहार विधानसभा की चार सीटों हुई मतगणना में सबसे चौंकाने वाला परिणाम बेलागंज से सामने आया है। यहां राजद ने 34 साल बाद यह सीट गंवा दी है। बेलागंज विस सीट से जदयू उम्मीदवार मनोरमा देवी ने जीत हासिल की है। इमामगंज विस सीट पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी का कमाल बरकरार रहा है। जीतनराम मांझी की बहू दीपा मांझी ने इमामगंज से जीत दर्ज की है। रामगढ़ विस सीट पर भाजपा के अशोक सिंह ने परचम लहराया है। तरारी विधानसभा सीट की बात करें तो यहां से भाजा उम्मीदवार और सुनील पांडे के बेटे विशाल प्रशांत ने परचम लहराया है।



**किला ध्वस्त**
▶▶ बिहार विधानसभा की चार सीटों हुई मतगणना में सबसे चौंकाने वाला परिणाम बेलागंज से सामने आया

**34 साल बाद राजद का किला ध्वस्त**
बेलागंज विधानसभा सीट से जदयू उम्मीदवार मनोरमा देवी ने राजद के 34 साल के किले को ध्वस्त कर दिया है। मनोरमा देवी को 73,334 वोट मिला। उन्होंने 21,391 मतो से जीत दर्ज की। बेलागंज में दूसरे नबंर पर राजद उम्मीदवार विश्वनाथ कुमार सिंह रहे। उन्हें 51,943 वोट मिले।

**इमामगंज सीट पर बहू ने रखी ससुर की लाज**
इमामगंज विधानसभा सीट पर दीपा मांझी ने 5 हजार 945 मतों से जीत हासिल की। दीपा मांझी को 53,435 वोट मिले। इस सीट से मांझी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी यानी बहू दीपा मांझी ने जीत हासिल कर ससुर की प्रतिष्ठा बचा ली है।

## कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है डबल इंजन सरकार की जीत: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी-एनडीए की जीत पर मतदाताओं के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई भी दी।

**पीएम मोदी के यशस्वी नेतृत्व पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है यह जीत**
सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा-एनडीए की विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। ये जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का सुफल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के सुशासन और विकास को अपना मत देने वाले उत्तर प्रदेश के सम्मानित मतदाताओं का आभार एवं सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई!



**आभार**
▶▶ मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर दी बधाई, जनकल्याणकारी नीतियों का प्रतिफल है

# टाइटलर के खिलाफ अब दो दिसंबर को दर्ज होंगे बयान



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट में 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के आरोपित जगदीश टाइटलर के खिलाफ दर्ज मामले में गवाह मनमोहन कौर नहीं पहुंच सकीं। कोर्ट ने मनमोहन कौर और दो पूर्व पुलिसकर्मियों को अपने बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया है। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने गवाहों के बयान 2 दिसंबर को दर्ज करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। सीबीआई ने बताया कि गवाह मनमोहन कौर को बयान दर्ज करने के लिए समन तामील नहीं हो सका। सीबीआई ने मनमोहन कौर के अलावा दो पूर्व पुलिसकर्मियों धर्म चंद्रशेखर और रवि शर्मा को समन जारी करने की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने तीनों गवाहों को 2 दिसंबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। 12 नवंबर को इस मामले की शिकायतकर्ता लखविंदर कौर का क्रास-एग्जामिनेशन किया गया था। जगदीश टाइटलर की ओर से अनिल कुमार शर्मा ने इस मामले की शिकायतकर्ता लखविंदर कौर का क्रास-एग्जामिनेशन किया। 3 अक्टूबर के इस मामले में शिकायतकर्ता लखविंदर कौर ने अपना बयान दर्ज कराया था। लखविंदर कौर ने कहा था कि ग्रंथी सुरेंदर सिंह ने उन्हें बताया कि उनके पति बादल सिंह की गुरुद्वारा पुलबंगश के पास भीड़ ने हत्या कर दी। जगदीश टाइटलर उस भीड़ को उकसा रहे थे और कह रहे थे कि सिखों को मार दो, उजाड़ दो, गुरुद्वारा को आग लगा दो। टाइटलर ने राऊज एवेन्यू कोर्ट की ओर से आरोप तय करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जो अभी लंबित

**सुनवाई**

▶▶ कोर्ट ने मनमोहन कौर और दो पूर्व पुलिसकर्मियों को अपने बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया

है। हाई कोर्ट ने 11 नवंबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट में ट्रायल की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा चलेगा। जगदीश टाइटलर ने 13 सितंबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट में अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार कर दिया था। टाइटलर ने कोर्ट से कहा था कि वे ट्रायल का सामना करेंगे। कोर्ट ने 30 अगस्त को टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149,153अ, 188, 109, 295, 380, 302 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर की ओर से पेश वकील मनु शर्मा ने कहा था कि सीबीआई ने इस मामले में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। उन्होंने कहा कि 2009 में सह-आरोपित सुरेश कुमार पानेवाला के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी, जिसे ट्रायल कोर्ट ने बरी कर दिया। मनु शर्मा ने कहा कि 1984 से 2022-23 तक इस मामले में कोई गवाह नहीं था। इतने लंबे समय बाद बनाए गए गवाहों पर भरोसा कैसे किया जा सकता है।

4 अगस्त 2023 को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने जगदीश टाइटलर को अग्रिम जमानत दी थी। कोर्ट ने 26 जुलाई 2023 को जगदीश टाइटलर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। सीबीआई ने इस मामले में टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 109 और 302 के तहत आरोप लगाया है। सीबीआई के मुताबिक टाइटलर ने भीड़ को उकसाया था।

# 25 नवंबर को महापंचायत में तय होगी किसान आंदोलन की रणनीति

**ग्रेटर नोएडा :** 10 फीसदी भूखंड देने समेत मांगों को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर के सामने 25 नवंबर को होने वाली महापंचायत में किसान आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। दस से अधिक किसान संगठन गांव-गांव जाकर भीड़ जुटाने में लगे हैं। आंदोलन में यूनियन के नेता राकेश टिकैत समेत कई प्रदेश स्तर के नेता शामिल होंगे। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से प्रभावित सभी किसानों को 10 फीसदी भूखंड और बढ़ा हुआ 64.7 फीसदी मुआवजा दिए जाने, नए जमीन अधिग्रहण कानून का लाभ किसानों को देने की मांग को लेकर जिले के दस से अधिक किसान संगठन एक साथ मिलकर आर-पार का आंदोलन करने की तैयारियों में जुटे हैं।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**कोच एम.एल.आर. कारखाना, झांसी**

**निविदा सूचना सं.:** T_24-25_ETL_ICF_Coach_NOTICE **दिनांक:** 21.11.2024

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, कोच एम.एल.आर. कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा संख्या:** T_24-25_ETL_ICF_Coach

**कार्य का विवरण:** सीएमएलआर कार्यशाला झाँसी में पीओएच के दौरान विद्युत ट्रेन प्रकाश उपकरणों के निराकरण, विच्छेदन, प्रतिस्थापन/रेट्रो-फिटमेंट की गैर-मुख्य गतिविधियों के लिए आउटसोर्सिंग।

**निविदा मूल्य:** ₹ 84,67,772.30 (रूपये चौरासी लाख सरसठ हजार सात सौ बहत्तर और तीस पैसे मात्र)

**मात्रा:** एक कार्य | **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह

**बयाना राशि:** ₹ 1,69,400/- | **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0.00

(1) निविदा **दिनांक 14.12.2024** को **14:00 बजे** बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (2) निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। (3) ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। **2020/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# देह व्यापार के अवैध अड्डे पर ग्राहक बनकर पहुंचा पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दक्षिण पश्चिम** जिले के स्पेशल स्टाफ ने शुक्रवार रात देह व्यापार रैकेट (त्रीरँ ळश्ीं) का पदार्फाश करते हुए दो लड़कियों को मुक्त कराया है। इसके साथ ही टीम ने रैकेट का संचालन करने वाले 61 वर्षीय बुजुर्ग लिटन मजूमदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पालम गांव में चल रहे देह व्यापार का पर्दाफाश करने के लिए टीम पहुंची। टीम के ही सदस्य को डमी ग्राहक बनाकर उस स्थान पर भेजा गया। जैसे ही आरोपी लिटन मजूमदार ने नकली ग्राहक से दो हजार रुपये लिए, तभी पुलिस ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

**दो लड़कियों को कराया मुक्त**

टीम ने जिस्मफरोशों के चंगुल में फंसी दो लड़कियों को भी मुक्त कराया। आरोपी के कब्जे से डमी ग्राहक द्वारा दिए गए पैसे बरामद करते हुए पालम गांव थाने में एफआईआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, दक्षिणी दिल्ली के अंबेडकर नगर थाने की टीम ने राजस्थान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला ठक-ठक गिरोह के बदमाश को शुक्रवार रात गिरफ्तार किया है। आरोपित की निशानदेही पर चोरी के चार लाख नकद भी बरामद किए। दक्षिणी जिला पुलिस

**शांति**

▶▶ ~~मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं हुई~~

# अफवाह फैलाने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूलों के बारे में अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ गहन जांच कर कार्रवाई करने के मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस में दर्ज करवाई है और कहा है कि कमेटी के पूर्व प्रधान सरना भरा कौम की संस्थाओं को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं।

आज यहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूलों को बहुत ही सुव्यवस्थित तरीके से चलाया जा रहा है और 7वें वेतन आयोग की रिपोर्ट भी स्टाफ के लिए लागू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में



कमेटी को एक ईमेल प्राप्त हुई थी जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल सोसाइटी (डी पी आई एस) से गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूलों का प्रबंध संभालने की बात की गई थी। उन्होंने कहा कि हमने कभी भी इस सोसाइटी या किसी अन्य सोसाइटी को गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल सौंपने का प्रस्ताव नहीं दिया। उन्होंने बताया कि जब हमने गहन जांच की तो सामने आया कि एडवोकेट कुलजीत सिंह सचदेवा, जगमिंदर सिंह बेदी और जसवंत कौर, जिनके साथ पहले से ही कमेटी का कोर्ट में केस चल रहा है, द्वारा इस संबंध में खबरें प्रकाशित करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि गहन जांच में यह पता चला कि उक्त वकील जो डी पी आई एस के कानूनी सलाहकार हैं, पहले से ही गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के उन स्टाफ सदस्यों के वकील हैं जिनके खिलाफ केस चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अब दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रबंधन को भी ईमेल भेजकर पूछा है कि क्या यह प्रस्ताव आपने भेजा है और यदि भेजा है तो किसके कहने पर भेजा है। उन्होंने कहा कि हमने इस मामले में पुलिस को शिकायत दी है और मामले की गहन जांच कर एफ आई आर दर्ज करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि असलियत यह है कि इन वकीलों को सरना भरा हर महीने केस लड़ने के लिए पैसे देते हैं और सरना भरा ही कमेटी और गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूलों की बदनामी के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि जब भी नवंबर से जनवरी तक स्कूलों में दाखिले का समय होता है।

**मामला**

▶▶ हमने इस मामले में पुलिस को शिकायत दी है और मामले की गहन जांच कर एफ आई आर दर्ज करने की अपील की

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं:–** 17/2024–25 (खुली)/उमुइ II/एमसीएफ/आरबीएल

उप मुख्य इंजीनियर–II/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

**1. कार्य का नाम :** इको कम जॉगर्स और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पार्क एमसीएफ/आरबीएल में दो साल के लिए बागवानी कार्य का रखरखाव और विकास का कार्य **2. निविदा सं.:** 17/2024–25 **3. अनुमानित लागत रू0. :** ₹ 2,15,33,035.99 **4. निविदा खुलने की तिथि :** 20.12.2024 **5. कार्य समापन की अवधि:** 24 माह।

• निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

**उप मुख्य इंजीनियर–II**

**ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 61/ईटी/2024–25 दिनांक: 20.11.2024**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 06241092 | सप्लाई एंड इन्स्टालेशन ऑफ थर्मल इन्सुलेशन मटेरियल फॉर अन्डर फ्रेम ऑफ ट्रेन सेट/वन्देभारत कोचेज | 19080 एसक्यूएम | 05.12.2024 |
| 02 | 12241281 | सप्लाई ऑफ एअर ब्रेक इक्विमेन्ट फॉर डीईटीसी/यूएस (विद इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन) कोचेज | 79 सेट | 10.12.2024 |

**शुद्धिपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 60/ईटी/2024–25 दिनांक : 13.11.2024 | टेन्डर नं. 11241341ए | निविदा खुलने की तिथि 22.11.2024 के स्थान पर तिथि 03.12.2024 पढ़ें |
| 02 | 56/ईटी/2024–25 दिनांक : 25.10.2024 | टेन्डर नं. 05241232 | निविदा खुलने की तिथि 20.11.2024 के स्थान पर तिथि 27.11.2024 पढ़ें |

**Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एनसीसी आज मनाएगा अपना स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वर्ष 1948 में स्थापित दुनिया का सबसे बड़ा वदीर्धारी युवा संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) 24 नवंबर को पारंपरिक उत्साह के साथ अपना 76वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस उपलक्ष्य में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने आज यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट पर पूरे एनसीसी समुदाय की ओर से अमर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रक्षा सचिव ने कहा कि एनसीसी ने कैडेटों की संख्या तीन लाख तक बढ़ाने में सराहनीय प्रयास किए हैं और आने वाले वर्षों में यह संख्या 20 लाख तक पहुंच जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल, विकसित भारत अभियान में एनसीसी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनसीसी 'युवा शक्ति - विकसित भारत' के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए वर्तमान युवाओं को भावी जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में अपने अथक प्रयास जारी रखे हुए है। इस 76वें स्थापना दिवस पर कैडेट विभिन्न शहरों में मार्च पास्ट में भाग ले रहे हैं और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। परंपरा के अनुसार पूरे भारत में एनसीसी दिवस मनाया जा रहा है और पूरे देश में ह्यरक्तदान शिविरह्न आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष रक्तदान की मात्रा पिछले वर्ष के 50,000 यूनिट रक्त दान के आंकड़े को पार करने की संभावना है। इसके अलावा पौधरोपण अभियान, प्रतिमाओं की सफाई, स्वच्छता ही सेवा और नशा मुक्ति अभियान आदि जैसे विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और सांस्कृतिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। एनसीसी के विस्तार के लक्ष्य के अलावा एनसीसी कैडेटों के पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण को भी कौशल मंथन, आई4सी (साइबर जागरुकता), विचार और नवाचार, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ प्रशिक्षण जैसी विभिन्न सरकारी पहलों के अनुरूप एक विशिष्ट उद्देश्य और वांछित परिणाम के लिए संशोधित किया गया है।

**सराहनीय**

▶▶ रक्षा सचिव ने कहा कि एनसीसी ने कैडेटों की संख्या तीन लाख तक बढ़ाने में सराहनीय प्रयास किए हैं

# ठक-ठक गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अंबेडकर नगर थाना पुलिस ने ठक-ठक गिरोह के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मदनगीर निवासी तृप्ति उर्फ सोनू (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से चार लाख रुपये बरामद किए है। पूछताछ के दौरान आरोपित ने खुलासा किया कि उसने अपने सहयोगी के साथ मिलकर थाना आदर्श नगर जयपुर राजस्थान से बैग में रखे 10 लाख रुपये चुराए थे। इस संबंध में थाना आदर्श नगर जयपुर में केस दर्ज किया गया था। दक्षिण जिले के



डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार दक्षिण जिले के क्षेत्र में हुई चोरी के एक मामले की पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को आरोपित के बारे में पता चला।

पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की। इस बीच पुलिस को पता चला कि आरोपित जयपुर में छुपा हुआ है। पुलिस ने एक टीम को जयपुर भेजा। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित को दबोचा। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चार लाख रुपये बरामद किए।

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **प्रिंस पुत्र विजय सिंह, निवास मकान नं. 43-सी, चाणक्य मार्ग, छज्जूपुर, शाहदरा, दिल्ली** (2) **बृजेश पुत्र रमेश चंद, निवास 985, ई–100 फूटा रोड, बाबरपुर दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 299/2015 भा.द.सं. की धारा 325/341/34 के तहत, थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रिंस** और **बृजेश** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रिंस** और **बृजेश** फरार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 299/2015 भा.द.सं. की धारा 325/341/34 के तहत, थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रिंस** और **बृजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03, प्रथम तल, शाहदरा जिला,
कोर्ट नं. 19, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

दि.पु./15099/उत्तर पूर्व/2024

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

**पत्र सं. –128–डब्ल्यू/260/निविदा–NIT-26A-26B- डब्ल्यू–IV/24–25** **दिनांक : 22.11.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल अभियंता/IV, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाए आमन्त्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | NIT No. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 26A | शकूरबस्ती सब डीपो 03 मे 29,228 घन मीटर 65 एम एम गेज मशीन द्वारा टूटी हुई पत्थर की गिटटी की आपूर्ति, चट्टा लगाना तथा रेल वैगनो मे लदाई, (सभी लीड और लिफ्ट, जीएसटी, कर आदि सहित, इसलिए जो भी मामला हो, कुछ भी अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा) | रु. 3,63,16,374.56 | रु. 3,31,600 | 12 माह | 17.12.2024 |
| 2. | 26B | तुगलकाबाद सब डीपो 02 मे 29,000 घन मीटर 65 एम एम गेज मशीन द्वारा टूटी हुई पत्थर की गिटटी की आपूर्ति, चट्टा लगाना तथा रेल वैगनो मे लदाई, (सभी लीड और लिफ्ट, जीएसटी, कर आदि सहित, इसलिए जो भी मामला हो, कुछ भी अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा) | रु. 3,60,33,080 | रु. 3,30,200 | 12 माह | 17.12.2024 |

**सूचना** : निविदा रेलवे की वैबसाइट **'www.ireps.gov.in'** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 17.12.2024 15:00 बजे तक ही भरी जायेगी।

**3604/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**

**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

**क्लासीफाइड**

**टूर एण्ड ट्रैवल्स**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

**खोया-पाया**

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

**खोया-पाया**

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# प्रदूषण: ग्रेप-4 के लागू होने से रुका विकास कार्य

## अब दिसंबर में शुरू होगा पंजाबी बाग फ्लाईओवर, सड़क के बीचों-बीच बने डिवाइडर पर आधी से अधिक पेंटिंग का कार्य पूरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में ग्रेप-4 लागू होने के कारण पंजाबी फ्लाईओवर से अभी वाहन चालकों को गुजरने के लिए एक महीना और ठहरना होगा, क्योंकि अभी फ्लाईओवर का निर्माण कार्य रुका हुआ है। पंजाबी फ्लाईओवर का 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। फ्लाईओवर पर बिजली के खंभे और लाइटें लग चुकी हैं। सड़क के बीचों-बीच बने डिवाइडर पर आधी से अधिक पेंटिंग का कार्य हो गया है। फ्लाईओवर के पिलर पर भी रंगबिरंगी पेंटिंग बना दी गई है, जो कि लोगों को अपनी आकर्षित कर रही है। यही नहीं फ्लाईओवर के सड़क की तरफ लगे टाइल पर भी नीले रंग का कलर हो गया है। बैरिंग, लाइट कनेक्शन सहित कुछ फिनिशिंग के कार्य ही शेष रह गए हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दिसंबर के महीने में फ्लाईओवर वाहन चालकों के लिए शुरू हो जाएगा। नए साल से पहले लोगों को यह तोहफा मिलेगा।

वेस्ट दिल्ली इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर डेवलपमेंट के तहत निर्माण पंजाबी बाग क्लब रोड स्थित छह लेन वाले फ्लाईओवर को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा वेस्ट दिल्ली इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर डेवलपमेंट के तहत निर्माण किया जा रहा है। फ्लाईओवर पर दोनों तरफ से छह कारें आराम से गुजर सकती हैं। फ्लाईओवर की एक तरफ की चौड़ाई 11.50 मीटर है, जबकि दोनों तरफ की चौड़ाई 23 मीटर है। इसके अलावा फ्लाईओवर की लंबाई 1.1 किलोमीटर की है। 308 करोड़ रुपये की लागत से इस फ्लाईओवर को तैयार किया जा रहा है।

**फ्लाईओवर के उद्घाटन की तारीख अभी तय नहीं**
पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया कि ग्रेप 4 लागू होने के कारण निर्माण कार्य पर 10-15 दिन का फर्क रहेगा। प्रदूषण के कारण अभी बैरिंग लगना, फिनिशिंग होना जैसे जो कार्य रह गए हैं। यह कार्य नियम हटने के बाद ही हो पाएंगे। धूल-मिट्टी उड़ने वाले सभी कार्यों पर रोक लगा दी गई है।





### फ्लाईओवर के पिलरों की पेंटिंग लोगों को लुभा रही

**फ्लाईओवर** के नीचे करीबन 20 अधिक से पिलर बनाए गए हैं जिन पर पेड़ की बेहतरीन डिजाइन बनाई गई है। साथ ही इन पर पीला रंग किया गया है। जबकि पेड़ को भूरे रंग से बनाया गया है। यह डिजाइन वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को लुभा रही है, जिसकी वजह से लोग वीडियो भी बनाकर ले जा रहे हैं।

**फ्लाईओवर के यह हो चुके हैं कार्य**
1.1 किलोमीटर के फ्लाईओवर के दोनों तरफ की सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है। फ्लाईओवर पर चढ़ते और उतरते समय दोनों तरफ की सड़कें भी बनकर तैयार हैं। फ्लाईओवर पर दोनों तरफ बिजली के खंभे और लाइटें लगाने का कार्य भी आधे से अधिक पूरा हो चुका है। फ्लाईओवर के किनारे रेलिंग लग चुकी है। डिवाइडर पर आधी से अधिक जगह पर पेंटिंग हो चुकी है।

**पेड़ों की वजह से एक तरफ रखी गई दो लेन**
पंजाबी बाग और मोतीनगर से आने वाले वाहन फ्लाईओवर पर जब चढ़ेंगे तो वहां पर केवल दो कारें ही एक साथ ऊपर चढ़ पाएंगी, क्योंकि यहां पर सड़क के किनारे काफी संख्या में पेड़ लगे हैं, जिसकी वजह से निर्माण कार्य में बांधा आ रही थी। वन विभाग को शिकायत करने के बाद भी जब पेड़ नहीं हटाए गए तो विभाग द्वारा तीन की जगह पर दो लेन बनाकर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया गया है। यही उतरते समय दूसरी तरफ तीन लेन बनी हुई हैं।

# प्रेमी से शादी करने के लिए अपनी ही बच्ची को उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पश्चिमी जिले के अशोक विहार इलाके में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने अपनी पांच साल की बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। गुरुवार शाम बच्ची को गंभीर हालत में दीपचंद बंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। जांच में बच्ची के गले पर निशान मिले। बच्ची की मां और कुछ रिश्तेदारों को पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस ने जब बच्ची की मां से सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गई। महिला ने स्वीकार किया कि उसने अपनी बेटी की गला घोंटकर हत्या की। उसने बताया कि उसके पहले पति ने उसे छोड़ दिया था और कुछ दिन पहले ही वह दिल्ली आई थी। उसके दिल्ली आने का कारण एक व्यक्ति से शादी करना था, जिसके साथ उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी।
पूछताछ के दौरान यह भी सामने आया कि जिस व्यक्ति से महिला शादी करना चाहती थी, उसके परिवार ने बच्ची को अपनाना नहीं चाहा और शादी से इनकार कर दिया। जांच में पता चला कि दिल्ली आने से पहले आरोपित मां अपने एक रिश्तेदार के साथ हिमाचल प्रदेश में रहती थी। इस दौरान रिश्तेदार ने बच्ची का यौन शोषण किया।




**हत्या**

**गुरुवार शाम बच्ची को गंभीर हालत में दीपचंद बंधु अस्पताल ले जाया गया**



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट पर पूरे एनसीसी समुदाय की ओर से अमर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# डीआरआई ने कोकीन के साथ संदिग्ध को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने एक बड़ी कार्रवाई में मुंबई एयरपोर्ट पर 3496 ग्राम कोकीन के साथ एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। इस कोकीन का अवैध बाजार में अनुमानित मूल्य करीब 34.96 करोड़ रुपये है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि एक राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 22 नवंबर को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्?ट्रीय हवाई अड्डे पर सिएरा लियोन से आने वाले एक लाइबेरिया के नागरिक को पकड़ा। यात्री के ट्रॉली बैग की जांच के दौरान डीआरआई अधिकारियों ने पाया कि यह असामान्य रूप से भारी था, जिसकी गहन जांच में दो पैकेट मिले, जिनमें एक सफेद पाउडर जैसा पदार्थ था, जिसे ट्रॉली बैग के नकली तल में बड़ी चालाकी से छिपाया गया था। डीआरआई के अनुसार फील्ड परीक्षणों से पुष्टि हुई कि यह पदार्थ कोकीन था, जिसका कुल वजन 3496 ग्राम था, जिसका अनुमानित अवैध बाजार मूल्य करीब 34.96 करोड़ रुपये है। उस यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। एजेंसी ने कहा कि आगे की जांच जारी है। डीआरआई नशीले पदार्थों की तस्करी के सिंडिकेट को खत्म करने और हमारे नागरिकों को नशीले पदार्थों के खतरे से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आप छोड़ते ही कैलाश गहलोत को बीजेपी ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

## विधानसभा चुनाव समन्वय समिति का सदस्य बनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने शनिवार को पूर्व आप नेता और मंत्री कैलाश गहलोत को दिल्ली विधानसभा चुनाव समन्वय समिति का सदस्य नियुक्त किया। कैलाश गहलोत ने 17 नवंबर को दिल्ली परिवहन मंत्री पद और आप से इस्तीफा दे दिया और अगले दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे। यह नियुक्ति दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व की मंजूरी से की। गहलोत ने शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से भी मुलाकात की और अगले साल की शुरूआत में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की। गहलोत ने इसे 'शिष्टाचार मुलाकात' बताया।





# राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की समीक्षा बैठक की

## गीता महोत्सव को सामाजिक आयोजन बनाने के लिए प्रयास किए जाएं- राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार को राजभवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति में आगामी 28 नवंबर से 15 दिसंबर, 2024 तक कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस विशाल आध्यात्मिक वार्षिक आयोजन के लिए ओडिशा भागीदार राज्य है, जबकि संयुक्त गणराज्य तंजानिया भागीदार देश है। दत्तात्रेय ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को सामाजिक आयोजन बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव एक सामाजिक आयोजन बन जाना



चाहिए, जिसमें राज्य सरकार एक सहायक भूमिका निभाए और महोत्सव से जुड़ी हर चीज का प्रबंधन समाज के विभिन्न हितधारकों द्वारा किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश भर से प्रमुख आध्यात्मिक हस्तियों को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए। भारत के दक्षिणी राज्यों को इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रख्यात धार्मिक हस्तियों और डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग करके हम इस आयोजन की पहुंच को और बढ़ा सकते हैं। दत्तात्रेय ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की हस्तियों को इसके सदस्य के रूप में नियुक्त करके कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड

**रोडमैप**

**अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में महत्वपूर्ण आध्यात्मिक संगठनों को शामिल करें- मुख्यमंत्री**

(केडीबी) के संरचनात्मक दायरे को व्यापक बनाने की भी आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ महिलाओं को भी केडीबी का सदस्य नियुक्त किया जाना चाहिए। अपने समापन संबोधन में दत्तात्रेय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में महिलाओं के लिए एक समर्पित कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग जैसे समाज के वंचित वर्गों के अधिक से अधिक बच्चों को गीता पाठ के लिए प्ररित करने का प्रयास भी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन में अधिक से अधिक हितधारकों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि निरंकारी मिशन, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों जैसे सामाजिक और आध्यात्मिक संगठनों को इसमें सकारात्मक रूप से शामिल किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि ऑनलाइन गीता क्विज और अन्य शीर्ष प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कार्यक्रम के दौरान शारीरिक रूप से सम्मानित किया जाना चाहिए।

# राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मेडिकल कॉलेज मुलाना का किया निरीक्षण

**गतिविधियां**

**विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जो गतिविधियां चलाई जा रही**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गत देर सायं मैडिकल कॉलेज मुलाना का निरीक्षण किया और कॉलेज के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जो गतिविधियां चलाई जा रही है, उसकी जानकारी हासिल की। राज्यपाल ने मैडिकल कालेज में स्थापित लैब, लाइब्रेरी, रिसर्च सेंटर व हॉस्पिटल का निरीक्षण किया और यहां दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता के बारे जानकारी हासिल की। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि आने वाला समय आपका है। आप देश का वर्तमान और भविष्य है। आज के समय में राष्ट्र निर्माण के लिए पैसा नहीं बल्कि ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से जीवन में नैतिक मूल्य के महत्व के बारे में भी चर्चा की। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज का युवा कल का कर्णधार है। युवा देश का भविष्य है, विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का अहम योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों में युवाओं को आगे अग्रसर रहना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा हर गांव में व्यायमशालाएं बनाई गई हैं ताकि युवा ग्रामीण आंचल से ही खेल जगत के तहत मजबूत प्रशिक्षण हासिल कर सके। राज्यपाल ने प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए संदेश दिया और बच्चों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि नशे को रोकने के लिए हम सब को मिलकर प्रयास करने होंगे तभी नशे को जड़ से खत्म किया जा सकता है। इस अवसर पर एसडीएम अश्विनी मलिक, पुलिस उप अधीक्षक रजत गुलिया, एमएम यूनिवर्सिटी के चांसलर तरसेम गर्ग, वाईस चांसलर एच के शर्मा, डॉ विशाल गर्ग, डॉ मिनाक्षी गर्ग व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हथकरघा उद्योग बन रहा प्लास्टिक का बेहतरीन विकल्प

**आधुनिकता**

**हरियाणा पवेलियन में प्रिन्ट शॉपी की स्टॉल पर दिखे आधुनिकता के रंग में रंगे हथकरघा उत्पाद**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** घरों में प्लास्टिक के बने उत्पाद अक्सर देखने को मिलते हैं लेकिन अब हथकरघा इंडस्ट्री इस स्वरूप को बदलने का काम कर रही है। प्लास्टिक की जगह हथकरघा से बने बैग, बास्केट, स्लिंग पर्स, जवैलरी बाक्स, चपाती बाक्स, वॉल हैंगिंग, हैंड बैग बड़े ही आकर्षक रूप में हरियाणा पवेलियन की प्रिन्ट शॉपी की स्टॉल पर देखने को मिल रहे है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे 43वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा पवेलियन में प्रिन्ट शॉपी स्टॉल के संचालक पानीपत निवासी दीपक कुमार ने बताया कि उन्हें पांच साल पहले हैंडीक्राफ्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसके बाद उसने अपने रिश्तेदार के साथ पानीपत में एक छोटी यूनिट लगाई। आरंभ से ही तय किया हाथ से बनाएं प्रौडेक्ट तैयार करेंगें।

दीपक ने बताया कि उनकी सोच स्वरोजगार की रही है। यूनिट चाहे छोटी लगाई लेकिन लक्ष्य बड़ा रखा था लेकिन अब उसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे है। उनकी यूनिट से 25 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। उनके यहां 70 प्रतिशत काम हाथ से किया जाता है और 30 प्रतिशत काम मशीनों से है जो हाथ से बुनाई कढ़ाई का कार्य है वह सभी महिलाएं ही करती हैं। इससे आसपास की महिलाओं को रोजगार भी मिला है।

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में पहली बार लगाई स्टॉल, सूरजकुण्ड मेले से मिला हौसला**

दीपक ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में उन्होंने पहली बार स्टॉल लगाई है। सूरजकुण्ड मेले में वे पहले से ही स्टॉल लगाते आए है। जहां से उन्हें एक अच्छा बिजनेस व पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि बड़े मेलों से इंडस्ट्रीज को बढ़ावा मिलता है।

**प्रकृति से जुड़ रहे है लोग, इसलिए प्लास्टिक के प्रति कम हुआ रूझान***

दीपक ने बताया कि प्लास्टिक प्रकृति के अनुकूल नहीं है बल्कि संतुलन बिगाड़ रहा है। धीरे-धीरे प्लास्टिक प्रयोग न करने को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और विकल्प के तौर पर अब कपड़े से बनी वस्तुओं का प्रयोग करने लगे हैं।

# भाजपा का सदस्यता पर्व पार्टी का आधारभूत अभियान: शर्मा

**चंडीगढ़/ रोहतक, 23 नवंबर।** भाजपा के संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता पर्व पार्टी का आधारभूत अभियान है। यह अभियान न केवल भाजपा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत व भारतीयता भी मजबूत होगी। शर्मा ने कहा कि विश्व-भर में फैले भाजपा के करोड़ों-करोड़ कार्यकर्ता अपने व्यवहार व कर्म से यह सुनिश्चित करते हैं कि देश का भला पहले है। उन्होंने कहा कि आप भाजपा की सदस्यता इसलिए न लें कि किसी दल का सदस्य मात्र बनना है, बल्कि इसलिए पार्टी के सदस्य बनें कि राष्ट्र के लिए काम करना



है। फणीन्द्रनाथ शर्मा शनिवार को रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सभागार में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। सदस्यता पर्व के प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय विशेष अभियान के पहले दिन रोहतक स्थित म.द.वि. के पर्यटन विभाग के हाल में 500 से अधिक युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि भाजपा विचार आधारित पार्टी है। कार्यकताओं की मेहनत के बल पर केंद्र और प्रदेश में लगातार बीजेपी की सरकार बन रही है।

**कार्यकर्ता निर्माण**

**भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यकर्ता निर्माण की दिशा में पहला कदम : शर्मा**

सदस्यता अभियान पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान कार्यकर्ता निर्माण की दिशा में पहला कदम है, इसलिए इस पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मंडल के हर बूथ पर सक्रियता बढ़ाएं और लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर भाजपा परिवार में शामिल करें।

# रजिस्ट्रार सुरेश सैनी के पुत्र की शादी में शरीक हुए सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मॉल रोड पर स्थित ऑफिसर कॉलोनी में पहुंचे। यहां उन्होंने महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सुरेश सैनी के पुत्र कुशाग्र सैनी को शादी की बधाई दी। उन्होंने कुशाग्र को अपना आशीर्वाद दिया तथा परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, पूर्व विधायक सुभाष सुधा, जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया भी उपस्थित रहे।

# रेवाड़ी में गंदगी के खिलाफ विधायक ने उठाई झाड़ू

**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी:** रेवाड़ी शहर में शनिवार से महा सफाई अभियान की शुरूआत हुई। भाजपा विधायक लक्ष्मण यादव खुद झाडू लेकर सड़क पर उतरे। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आम लोगों ने भी सड़कों की सफाई की। सफाई अभियान की शुरूआत अंबेडकर चौक से आरंभ की गई। पूरे सर्कुलर रोड को चार भागों में बांटा गया जिसमें सामाजिक संगठनों के अलावा शहर के आम लोग और प्रशासनिक अधिकारियों ने शिरकत की। करीब दो घंटे के अंदर सर्कुलर रोड को साफ किया गया। बस स्टैंड से बावल चौक तक खुद विधायक लक्ष्मण यादव ने झाडू लेकर सफाई की। विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि लोगों को अपनी मानसिकता बदलनी होगी। उन्हें ये सोचना होगा कि मैं खुद सफाई करूंगा तो ही सब मिलकर सफाई करेंगे। मानसिकता बदलेगी तो शहर अपने आप साफ-सुथरा नजर आएगा। उन्होंने कहा कि आज से मानसिकता बदलने का ये पहला प्रयास किया गया है जो निरंतर चलेगा।

**सफाई अभियान**

**अधिकारियों के साथ आम लोगों ने भी सड़कों की सफाई की। शुरूआत अंबेडकर चौक से आरंभ की गई**

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव लगातार शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। विधायक ने शहर के सामाजिक संगठनों के साथ भी बैठक की और कहा कि जब तक शहर साफ-सुथरा नजर ना आए तब तक ये अभियान जारी रहेगा।

# हरियाणा सरकार 26 नवंबर को मनाएगी संविधान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** सरकार ने भारतीय संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस पहल के अंतर्गत प्रदेश में साल भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित उपायुक्तों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में की और उन्हें संविधान दिवस मनाने के लिए 26 नवंबर को प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इस ऐतिहासिक अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ हमारे संविधान निमार्ताओं के योगदान को सम्मान देने और उसे स्वीकार करने का एक उपयुक्त अवसर है। उन्होंने कहा कि इस स्मरणोत्सव का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराना और लोकतंत्र को

**75वीं वर्षगांठ**

**कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि**

मजबूत करने में नागरिकों को उनकी सही भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। बैठक में उपायुक्तों और कुलपतियों ने बताया कि संविधान दिवस मनाने के लिए संविधान की प्रस्तावना पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद, पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता, अतिथि व्याख्यान, फिल्म स्क्रीनिंग, वाल पेंटिंग जैसे विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इस पहल में ग्राम पंचायतों को भी शामिल किया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों और अमृत सरोवर स्थलों पर प्रस्तावना का सामूहिक पाठ आयोजित किया जाएगा। संविधान बनाने में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के योगदान का प्रचार करने के लिए 14 अप्रैल, 2025 से 28 अप्रैल, 2025 तक प्रदेश भर में संविधान स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी।

मुख्य सचिव ने जोर देकर कहा कि संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ पर अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रमों में गैर-सरकारी संगठनों, छात्रों, संकाय सदस्यों, संविधान विशेषज्ञों और समाज के प्रमुख लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समारोह संविधान तैयार करने में किए गए प्रयासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ- साथ इसके प्रमुख प्रावधानों पर भी प्रकाश डालेगा। साल भर चलने वाली यह पहल ह्यहमारा संविधान, हमारा स्वाभिमानह्ण टैगलाइन के तहत संचालित की जाएगी और चार केंद्रीय विषयों : संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जानें, संविधान का निर्माण और संविधान की महिमा का जश्न मनाना, के इर्द-गिर्द घूमेगी। आम नागरिकों को भी इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जनसंपर्क, भाषा और संस्कृति विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग, कार्मिक, प्रशिक्षण और संसदीय मामलों के विशेष सचिव आदित्य दहिया, सूचना, जनसंपर्क और भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमती वर्षा खंगवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

# अपराधी अपराध छोड़ें या जींद: विधानसभा डिप्टी स्पीकर मिड्ढा

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: शहर की** सुरक्षा व्यवस्था और रविवार को जींद आ रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शनिवार को जींद से भाजपा विधायक एवं डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने एसपी राजेश कुमार से बैठक करके दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभी डीएसपी, थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि ठंड का समय शुरू हो चुका है। ऐसे में पुलिस गश्त को बढाया जाए। शहर की महिला कॉलेज, स्कलों के आसपास राइडर्स को तैनात किया जाए।



इसके अलावा मुख्य बाजार में भी पुलिस राइडर्स की गश्त को बढाया जाए। वहीं पार्कों में भी सुबह युवतियां व महिलाएं घूमने के लिए जाती हैं तो इसके लिए भी पुलिस गश्त करवाई जाए। शहर के पटियाला चौक, बत्तख चौक, शिव चौक, एसडी स्कूल, परशुराम चौक, कुंदन सिनेमा व देवीलाल चौक पर जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में यहां पुलिसकर्मियों की तैनात की जाए। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने अपराधियों व शरारती तत्वों को चेताया कि या तो वो अपराध को छोड़ दें या फिर जींद की भूमि को छोड़ दें। क्योंकि भाजपा का एक ही उद्देश्य है कि आमजन भयमुक्त माहौल में अपना

**चेतावनी**

**विधायक एवं डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने एसपी राजेश कुमार से बैठक करके दिशा-निर्देश दिए**

जीवन बसर करे। इस दौरान डिप्टी स्पीकर ने एसपी से जिला में पुलिसकर्मियों की संख्या व रिक्त पदों की जानकारी हासिल की ताकि अधिक से अधिक फोर्स को लाया जा सके। इसके अलावा क्राइम रिपोर्ट, एक्सीडेंट रिपोर्ट, महिला उत्पीडन के मामलों की भी जानकारी हासिल की गई ताकि दुर्घटनाओं व क्राइम पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि रविवार को एकलव्य स्टेडियम में रैली होने जा रही है। इस रैली में हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। रैली में हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में शहर तथा रैली स्थल के आसपास क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। रैली में आने के लिए लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए स्पेशल ट्रैफिक प्लान बनाया जाए ताकि हर कोई आसानी से रैली स्थल पर पहुंच सके।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं सीएम सम्मान समारोह की तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारी मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री जो कहते हैं वह करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को कांग्रेस से कोई उम्मीद नहीं थी तो उन्होंने मुख्यमंत्री के आश्वासन पर भाजपा का साथ दिया और सरकार बनने के तुरंत बाद कैबिनेट की पहली बैठक में पहले कलम से मुख्यमंत्री ने आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने का काम किया और उसका नोटिफिकेशन भी जारी करवाया। आज यह प्रदेश में पूरी तरह से लागू हो चुका है। डीएससी समाज पिछले 18 सालों से अपनी मांग को लेकर आंदोलनरत था। इस

**सम्मान**

**कैबिनेट की पहली बैठक में पहले कलम से मुख्यमंत्री ने आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने का काम किया**

दौरान कांग्रेस ने डीएससी समाज को केवल लाठियां और जेल देने का काम किया लेकिन जैसे ही सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला करके डीएससी समाज को ऐसी सौगात दी है जिसका वर्णन शब्दों से नहीं किया जा सकता। उन्होंने दावा किया है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जींद में महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में डीएससी समाज को बड़ी सौगात देने का काम करेंगे। मंत्री बेदी शनिवार को यहां एकलव्य स्टेडियम में रविवार को होने वाली महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह एवं मुख्यमंत्री सम्मान समारोह की अंतिम तैयारियों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, पार्टी के प्रदेश सचिव जवाहर सैनी एवं पूर्व नगर पार्षद भारत भूषण टांक भी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में पांच हजार को मिलेंगे पक्के मकान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** इस बार जिला कैथल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पांच हजार लोगों को पक्के मकान मिलेंगे। जिला परिषद को पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस बार 10 गुना अधिक लक्ष्य मिला है। वर्ष 2024-25 के इस नए लक्ष्य में चार हजार 939 जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। पिछले सात सालों में अब तक 822 लोगों को योजना का लाभ दे दिया गया। जिन्हें तीन किस्तों में एक लाख 38 हजार रुपए की राशि दी गई थी। उन पात्र लोगों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा जिन्होंने अब खुद ही अपना पक्का मकान बना लिया




है। लोगों को इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए टीम में जल्द ही गांव-गांव जाकर सर्वे करेंगी।इस बार सरकार ने इनकी संख्या बढ़ा दी गई है। जिसके लिए सर्वे जल्द ही पूरा हो जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2017-18 में पोर्टल खोला गया था। उस समय कैथल जिले में 14 हजार लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। इसके बाद दोबारा से पोर्टल आज तक भी नहीं खोला गया। उस समय पोर्टल पर आवेदन करने वालों को ही पात्र मानते हुए हर ब्लॉक अनुसार टारगेट दिया गया है। इसके बाद विभागीय टीमों ने सर्वे किया। छह हजार 52 लोगों को पात्र माना गया था।

जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के कैथल जिले में 4 हजार 939 लोगों के घर बनाए जाएंगे। इस बार ज्यादा मकान योजना के तहत बनाए जाएंगे, जबकि पिछले साल मात्र 822 मकान ही बने थे। पिछले बार जो पांच हजार 230 आवेदन लंबित थे, उनका सर्वे करवाया जाएगा। इस सर्वे के बाद पात्रों की पहचान कर योजना का लाभ दिया जाएगा।

**क्या है प्रधानमंत्री आवास योजना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) भारत सरकार की एक योजना है। जिसके तहत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और

**सर्वे होगा**

**जिला परिषद को वर्ष 2024-25 का नया टारगेट मिला, पिछली बार बने थे केवल 822 घर**

कम आय वाले परिवारों को घर मुहैया कराए जाते हैं।इस योजना के तहत, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों के साथ-साथ ईडब्ल्यूएस/एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के लोगों के लिए भी आवास की कमी को पूरा किया जाता है। इस योजना के तहत, पात्र लाभार्थी होम लोन के ब्याज पर 2.67 लाख रुपये तक की सब्सिडी पा सकते हैं।

# कौम हित में सीएम नायब सिंह सैनी से हर जरुरी कार्य करवाएंगें: कवलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि संस्था द्वारा सूबे के सिखों की हर मांग भाजपा सरकार से पूरा करवाई जाएगी। कौम हित में जो भी जरुरी होगा, वह कार्य सीएम नायब सिंह सैनी से करवाया जाएगा। वे गांव हंसाला में ग्रामीणों से रूबरू होते समय बोल रहे थे। इस मौके पर उनके साथ नरेंद्र सिंह गिल, गुरदीप सिंह सरपंच, गुरलाल सिंह, हरजवंत सिंह, जोगा सिंह, मालक सिंह, निरवैर सिंह, मनजीत सिंह, बलविंदर सिंह, बलिहार सिंह, सुखविंदर सिंह, बलबीर सिंह, रतन सिंह व परमजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। अजराना ने कहा कि भाजपा सरकार सिखों के अधिकारों का पूरा ध्यान रखती है और अब तक भाजपा द्वारा किए गए कार्यों से इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भी मिलता है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सिखों की हर मांग को हरियाणा सरकार पहुचांने के साथ-साथ उसे पूरा करने के लिए भी पूरी निष्ठा से पैरवी की जाएगी। अजराना ने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक सिख कौम के लिए जो कार्य किए हैं, वह आज तक कोई भी सरकार नहीं कर सकी। भाजपा सरकार के शासन में ही दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों की शहीदों को नमन करते हुए वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इसके साथ ही 314 सिखों के नाम की काली सूची बनाई गई थी, जिसमें से 312 सिखों के नाम सूचि में से बाहर कर दिए गए हैं। यही नहीं, गुरु साहिबान के ऐतिहासिक पर्व एवं जन्म दिवस सरकार द्वारा बड़ी ही धूमधाम से मनाए गए। सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा सिख हित में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने गुरुद्वारा चिल्ला साहिब सिरसा के नाम पौने ९ एकड़ भूमि दी है। इसके साथ ही भाजपा ने किला लोहगढ़ में सिख कौम के महान जरनैल बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक बनाने के लिए भी विशेष कदम उठाए हैं। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाडा साहिब पंचकूला को पार्किंग के लिए जमीन दी गई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पीएम ने श्री करतारपुर साहिब गलियारा को अगले पांच साल के खोल कर रखने का समझौता कर अनमोल तोहफा सिख कौम को दिया है। नरेंद्र मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि सिख कौम को श्री करतारपुर साहिब गलियारा का उपहार मिल सका और अब एक बार फिर से पीएम ने अगले पांच साल के लिए इस गलियारा को खोल कर रखने के लिए पाकिस्तान सरकार से समझौता किया है।

उन्होंने कहा कि देश के सिखों को उनके ऐतिहासिक स्थल के दर्शन करवाने के लिए ही पीएम नरेंद्र मोदी ने यह ऐतिहासिक कदम उठाया है।

**मांग**

▶▶ अजराना ने कहा कि संस्था द्वारा सूबे के सिखों की हर मांग भाजपा सरकार से पूरा करवाई जाएगी।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पानीपत पुलिस सक्रिय

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लेन चेंज ड्राइविंग के नियमों की उंल्लघना करने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चला, 363 वाहनों के किए चालान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ट्रैफिक हाइवे करनाल हरदीप सिंह दून के निर्देशानुसार व पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लेन चेंज नियमों का उंल्लघन करते पाए गए 363 भारी वाहनों के चालान किये गए। अभियान के तहत जिला यातायात पुलिस द्वारा जिला में दिल्ली, चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर टोल प्लाजा के पास, पुलिस लाइन के पास, मन्नत ढ़ाबा व पेप्सी पुल के पास एक साथ वाहनों की चेकिंग के लिए विशेष टीमें तैनात की गई थी।

## विधायक जगमोहन आनंद ने सुनी जनसमस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने शनिवार को अपने निवास स्थान पर आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने एक.एक व्यक्ति की समस्या पर संज्ञान लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का गरीब व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है। सरकार के दरवाजे 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए खुले हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के प्रति वे गंभीर है, वह हमेशा उनके हितों के बारे में चिंतन करते रहते हैं। करनालवासियों की खुशहाली के लिए लोगों की समस्याओं दूर होना आवश्यक है। अधिकारी इसमें रुचि लेकर कम से कम समय में लोगों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें विधायक चुनकर हरियाणा विधानसभा पहुंचाया है। यह जिम्मेदारी वह बखूबी निभाएंगे और करनाल से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### दो नाबालिग लड़कियां रहस्यमय परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल एक कॉलोनी और हांसी रोड की दो नाबालिग लड़कियां संदिग्ध हालातों में लापता हो गई हैं। बताया जा रहा है कि दोनों लड़कियां स्कूल टूर के नाम पर घर से निकली थी, लेकिन टूर होने की बात झूठी निकली। परिजनों को शक है कि उनकी बेटियां किसी साजिश का शिकार हुई हैं। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लापता लड़कियों में से एक 17 वर्ष की है। वह घर से पीला सूट पहनकर गई थी। दूसरी लडकी 18 वर्ष हैए वह घर से सफेद रंग की स्कूल ड्रेस पहनकर निकली थी। परिजनों ने बताया कि दोनों लड़कियां सुबह 11 बजे के करीब निकली थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटीं। लड़कियों ने अपने घरवालों को बताया था कि वे कुरुक्षेत्र स्कूल टूर पर जा रही हैं, लेकिन जब देर रात तक वे घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने स्कूल से संपर्क किया। स्कूल ने साफ किया कि ऐसा कोई टूर आयोजित नहीं किया गया था। यह सुनकर परिजन घबरा गए और तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। लड़कियों के परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी बेटियां किसी गलत संगत में फंसकर घर से निकली होगी या फिर उनका अपहरण कर लिया गया है। परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उनकी बेटी और उसकी सहेली को जल्द से जल्द ढूंढा जाए। जांच अधिकारी ज्योति ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों लड़कियों की तलाश के लिए उनके दोस्तों और स्कूल से पूछताछ की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सीनियर सिटीजन को सम्मानित करेगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** समाज कल्याण विभाग ने वरिष्ठ नागरिकों तथा उनकी देखभाल के लिए काम करने वाली संस्थाओं तथा ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने के लिए 25 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। हर साल एक अक्तूबर को मनाए जाने वाले सीनियर सिटीजन वेलफेयर डे के उपलक्ष्य में ये पुरस्कार राज्य स्तर पर प्रदान किए जाने हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी कृष्णा भारद्वाज ने बताया कि 100 वर्ष की आयु पार कर चुके स्वस्थ बुजुर्ग, विशेष उपलब्धियां हासिल करने वाली बुजुर्ग महिला, वरिष्ठ मूर्तिकार, चित्रकार, नृतक, गायक, संगीतज्ञ, खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ वृद्धाश्रम, बेस्ट डे केयर सेंटर, बुजुर्गों की सेवा करने वाली ग्राम पंचायत व समाजसेवी संगठनों को सीनियर सिटीजन वेलफेयर अवार्ड के लिए चुना जाएगा। उन्होंने कहा कि साहस और हिम्मत की किसी घटना में शामिल रहे बुजुर्ग को करेज एंड ब्रेवरी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार बेस्ट मदर अवार्ड, सीनियर पेंटर, सीनियर स्कल्पचर अवार्ड भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत पुरस्कार हासिल करने वाले वरिष्ठ नागरिक को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः 50 हजार, 30 हजार व 20 हजार रूपए का ईनाम दिया जाएगा। इसके अलावा संस्थागत अवॉर्ड जैसे ग्राम पंचायत, ओल्ड एज होम आदि को एक लाख, 75 हजार तथा 50 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### आईएमटीएमए बेंगलुरु में अगले जनवरी में आयोजित करेगा सबसे बड़ा मशीन टूल और मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी शो

**फरीदाबाद।** इमटेक्स 2025, इसके साथ आयोजित होने वाले टूलटेक और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग शो के साथ कई मानकों पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारतीय मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमटीएमए) द्वारा बेंगलुरु इंटरनेशनल एक्सहिबिशन सेंटर में 23-29 जनवरी 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। यह प्रदर्शनी सीएनसी मशीनीकरण, टूलिंग, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, सीएडी/कैम, मेट्रोलॉजी, और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजीज के अत्याधुनिक समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करेगी, जो भारतीय मैन्युफैक्चरिंग उद्योग को बदलने में मदद करेगी। शो के बारे में बताते हुए, राजेंद्र एस. राजामने, अध्यक्ष - आईएमटीएमए कहते हैं, " इमटेक्स भारतीय मशीन टूल उद्योग के लिए एक बहुप्रतीक्षित शो है क्योंकि यह कंपनियों के लिए नए उत्पाद लॉन्च करने, विभिन्न मैन्युफैक्चरिंग उद्योगों के लिए अपनी तकनीकी प्रगति प्रस्तुत करने का एक उपयुक्त मंच है।

## जुगनू चाप के स्वाद को लोग कर रहे हैं बहुत पसंद



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**जीटी** रोड स्थित 70 माइलस्टोन ढाबा का खाना खाने के लिए ढाबे पर हरियाणा दिल्ली चंडीगढ़ पंजाब राजस्थान यूपी हिमाचल प्रदेश और भी अन्य जगह से लोग दूर-दूर से आ रहे हैं ' स्वादिष्ट खाने के साथ ही यहां पर जुगनू चाप की दुकान पर मौजूद ग्राहकों ने बताया यहां की चाप बहुत ही स्वादिष्ट है ऐसा स्वाद कहीं-कहीं मिलता है सर्दी में खाने का मजा ही कुछ और है चाप खाने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है।

## निगम ने प्रदूषण फैलाने वालों का किया 37 चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिला में ग्रैप-4 के क्रियान्वयन के चलते नगर निगम ने शहर में सख्ती बढ़ा दी है। इसे लेकर निगम की विभिन्न टीमें अपने-अपने क्षेत्र में दौरा कर प्रदूषण फैलाने वालों पर जुमार्ना लगा रही हैं। इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा कुल 37 चालान कर 3 लाख 57 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम कृत संकल्प है और इसके लिए निगम की टीमें निगरानी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि निगम की विभिन्न टीमें रोजाना अपने-अपने क्षेत्र का दौरा कर ऐसी गतिविधियों पर रोक लगा रही हैं और नोटिस भी चस्पा किए जा रहे हैं। निगमायुक्त ने बताया कि अभियंता शाखा के विभिन्न टीमों ने सम्बंधित क्षेत्र का दौरा कर राष्ट्रीय हरित अधिकरण तथा केन्द्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों की अवहेलना करने वालों के चालान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत खुले में भवन निर्माण करने वालों के 27 चालान कर 2 लाख 97 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दूसरी ओर विभिन्न होटल व ढाबा संचालकों के खिलाफ नियमो के विरूद्ध जेनरेटर/डीजी सेट चलाने पर 5 चालान कर 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दूसरी ओर उन्होंने बताया कि शहर में होटल व ढाबा में तंदूर जलाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। परंतु फिर भी कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। ऐसा करने वाले 5 ढाबा संचालकों के चालान कर उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

**सख्ती**

▶▶ प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम कृत संकल्प है और इसके लिए निगम की टीमें निगरानी कर रही हैं

## कंटेनर डील में 20 लाख की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के गगसीना गांव के एक व्यक्ति के साथ कंटेनर डील में 20 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुराना कंटेनर खरीदने के लिए आरोपियों को ऑनलाइन और कैश अमाउंट ट्रांसफर किए। आरोप है कि आरोपियों ने पूरा अमाउंट लेने के बाद भी कंटेनर पीड़ित के नाम ट्रांसफर नहीं किया। जब उसने अपने पैसे वापिस मांगे तो उसे धमकी दी गई। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत की। एसपी ऑफिस से मामला मुनक थाना पहुंचा, जहां पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गगसीना निवासी पीड़ित हरदीप ने शिकायत में बताया कि 28 जून 2022 को साहब सिंह से देवेंद्र सिंह के जरिए उन्होंने एक कंटेनर 3118 खरीदा। इस सौदे के तहत हरदीप ने 2 लाख रुपए नकद और 8 लाख रुपए साहब सिंह के बैंक खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद 7 लाख रुपए देवेंद्र सिंह ने साहब सिंह को देने के नाम पर उनसे लिए। हरदीप ने बताया कि सारे पैसे ट्रांसफर करने के बावजूद कंटेनर उसके नाम पर ट्रांसफर नहीं किया गया। साहब सिंह ने दावा किया कि देवेंद्र सिंह ने यह कंटेनर अपनी पत्नी के नाम पर एफिडेविट करवाया है। जब हरदीप ने पैसे वापस मांगे तो साहब सिंह ने उन्हें देवेंद्र सिंह से कांटेक्ट करने के लिए कहा। हरदीप ने कहा कि जब उन्होंने देवेंद्र सिंह से पैसे मांगे तो उन्होंने न केवल पैसे लौटाने से इनकार कर दिया।

## बुनियाद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समालखा (कुलदीप सिंह )** **विकल्प** फाउंडेशन के सहयोग से हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे ओरियंटल प्रोग्राम के तहत शनिवार को हथवाला रोड स्थित लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में खण्ड स्तरीय बुनियाद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने उपस्थित स्कूली बच्चों व को संबोधित करते हुए बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग ओर विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए 2018 से मिशन बुनियाद ओर सुपर 100 कार्यक्रम शुरू किया गया है।

## गौतम व मुस्कान ने जीते मेडल, किया अभिनंदन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**आर्य** कॉलेज के खिलाडी गौतम ने चैन्नई में व छात्रा मुस्कान ने अमृतसर में मेडल जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। शनिवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने दोनों खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पंहुचने पर स्वागत करते हुए बधाई दी व कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों व कोचों को भी बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 से 19 नवंबर को चैन्नई में 76 वीं सीनियर नेशनल ट्रेक साइक्लिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें आर्य कॉलेज के खिलाडी गौतम ने 15 किलोमीटर साइक्लिंग स्क्रेच रेस में अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं कॉलेज की छात्रा मुस्कान ने पंजाब के अमृतसर की गुरू नानक देव विश्वविद्यालय में 11 से 15 नवंबर को आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में टीम पुम्मसे विधा में कांस्य पदक जीत कर कॉलेज के साथ-साथ अपने जिले पानीपत का भी नाम रोशन किया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपने कॉलेज का नाम केवल अपने देश भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रोशन कर रहे हैं। वहीं, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने बीसीए कोर्स के पहले सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए जिसमें आर्य कॉलेज के 4 विद्यार्थियों ने मेरीट सूची स्थान बनाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मेरीट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों का कालेज प्रांगण में मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

**परचम**

▶▶ गतिविधियों में भी अपने कॉलेज का नाम केवल अपने देश भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रोशन कर रहे हैं

## एक्ट्रेस रजनी ने प्रेरणापूर्ण जीवन को किया साझा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**



**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत में बॉलीवुड और टेलीविजन की दुनिया की विख्यात एक्ट्रेस रजनी गुप्ता ने अपने कामयाब, प्रेरणापूर्ण जीवन और संघर्ष को विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के साथ साझा किया। उनके साथ उनकी सास सुमिता गोयल और पति कपिल गुप्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, डॉ संगीता गुप्ता, प्रो अन्नू आहूजा, डॉ मुकेश पुनिया और डॉ एसके वर्मा ने पुष्प-रोपित गमला और शाल भेंट करके किया । मंच संचालन डॉ संतोष कुमारी ने किया । कार्यक्रम में रजनी गुप्ता ने अपने जीवन के सफर और बॉलीवुड के अनुभव को सभी के साथ साझा किया और विशेष तौर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया । विदित रहे कि रजनी गुप्ता का सम्बन्ध पानीपत शहर से है और वे बॉलीवुड और टेलीविजन की दुनिया की विख्यात एक्ट्रेस है जो वेब मूवी "यूपी 65" और टीवी के मशहूर सीरियल्स "पुष्पा इंपॉसिबल", "मेरा बालम थानेदार", "पांडे स्टोर", ह्यप्यार तूने क्या कियाह में किरदार निभा चुकी हैं । अमेजोन, मिन्त्रा, मेगी आदि विज्ञापनों के अलावा उनके इंस्टाग्राम पर भी हजारों प्रशंसक उन्हें फॉलो करते हैं । रजनी गुप्ता ने बहुत ही कम समय में अपने आप को बॉलीवुड और टीवी जगत में सफलता के साथ स्थापित किया है ।

रजनी गुप्ता ने बताया कि उन्होनें एक्टिंग के सफर की शुरूआत वर्ष 2022 में की और ऑडिशन में कई बार रिजेक्ट होने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी । एक्टिंग या फिर किसी भी विधा में कूदने से पहले हमें खुद से बात करनी चाहिए । दूसरों को समझाना आसान है परन्तु खुद को समझाना सबसे मुश्किल कार्य है।

**मार्गदर्शन**

▶▶ बॉलीवुड के अनुभव को सभी के साथ साझा किया और विशेष तौर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया किया

## व्यक्ति और उसके रिश्तेदार से मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** शहर के अटल पार्क में दिन-दहाड़े मारपीट और लूट की घटना सामने आई है। आरोपियों ने पीड़ित व उसके रिश्तेदार की सोने की चेन छीन ली और पीड़ित की जेब में रखे एक लाख रुपए भी लूटकर ले गए। आरोपी युवक 30-35 युवकों के झुंड में से निकलकर आए थे। युवक किसी आईटीआई या फिर अन्य संस्थान के नजर आ रहे थे। पीड़ित ने मेडिकल करवाने के बाद पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल के बसंत विहार निवासी संदीप ने बताया कि 22 नवंबर को करीब पौने तीन बजे जब वह और उसका रिश्तेदार सोनू अटल पार्क में टहल रहे थे, तभी आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में बिल्ला और अंकुश नामक युवक मुख्य रूप से शामिल थे। इन लोगों ने उस पर और सोनू पर तेजधार हथियार और डंडों से हमला किया। संदीप के गले से सोने की दो चेन तोड़ी गई और उनकी जेब से एक लाख रुपए नकदी निकाल ली गई। सोनू के गले से भी सोने की चेन लूट ली गई। संदीप ने आरोप लगाया कि बिल्ला और अंकुश ने उन्हें धमकाया और कहा कि पिछले महीने हुए विवाद का बदला लेने आए हैं। हमला करने के बाद आरोपियों ने उन्हें और उनके रिश्तेदार को जान से मारने की धमकी दी। हमले के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसके घर व दुकान पर कंस्ट्रक्शन का काम चला हुआ है, उसी के लिए वह मार्बल देखने के लिए मार्किट की तरफ गया था और एक लाख रुपए मार्बल के लिए ही रखे थे। लेकिन उस वक्त मार्बल नहीं था, इसलिए वह पार्क से टहलता हुआ घर की तरफ जाने वाला था, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ लूटपाट कर दी। घटना की सूचना के बाद संदीप ने सेक्टर-9 चौकी में शिकायत दर्ज करवाई।

## एसपी सिंह ने अपराधों की रोकथाम के लिए दिए सख्त निर्देश

### कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाही की समीक्षा लेकर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**



पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने शनिवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्जो के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन कर कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमें में की जा रही कार्रवाही की समीक्षा लेकर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स, उप पुलिस अधीक्षक शहर राजबीर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह व सभी थाना प्रबंधक, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्ज मौजूद रहें।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने मीटींग में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें एवं तय सीमा में जांच पूरी कर उसका माननीय न्यायालय में चालान पेश करें। महिला विरूध अपराधों में आरोपी को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार कर अभियोग का शीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि थाना चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ नैतिकता का व्यवहार करते हुए शिकायत को ध्यानपूर्वक सुने और नियमानुसार त्वरिक कार्रवाई अमल में लाई जाए। किसी के साथ अभद्र व्यवहार ना करें। इसके बारे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में टीम द्वारा पीड़ित से फोन के माध्यम से संपर्क कर फिडबेक भी लिया जा रहा है। पीड़ित की शिकायत चाहे ऑनलाईन, ऑफलाईन या उच्च अधिकारियों के कार्यालय के माध्यम प्राप्त हुई हो उस पर त्वरित कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने महिला विरूध अपराध, वाहन चोरी, लूट, स्नेचिंग, चोरी, किडनैपिंग, हत्या जैसी गंभीर वारदातों की रोकथाम हेतु थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इचार्जो को उचित व प्रभावी कदम उठाने के लिए सख्त निर्देश दिए। और कहा सभी अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी गश्त कर संद्विगध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चैकिंग करें। जिस स्थान पर बार-बार चोरी या लूट की वारदात हो रही है, वहां पर स्पेशल डयूटिंया लगाकर अपराध पर रोक लगाए। आदतन अपराधियों पर विशेष रुप से नजर रखे व समय-समय पर उनके बारे पुछताछ करते रहें। उद्घोषित अपराधियों का पता लगाकर उन्हे गिरफ्तार करे। मुकद्दमों मे बकाया आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करें। अपराधिक घटना घटीत होनें की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुचें। अपराध पर

**बैठक**

▶▶ अपराधियों का पता लगाकर उन्हे गिरफ्तार करे। मुकद्दमों मे बकाया आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करें

# कहीं ऐसा न हो शुद्ध हवा भी साथ लेकर चलना पड़े

डा. मनमोहन प्रकाश

"लगभग सभी भारतीय इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि प्रदूषित वातावरण और वस्तुएं मानव में विभिन्न घातक और प्राण लेवा बीमारियों का कारण बन सकती हैं, विभिन्न आपदाओं , परेशानियों को आमंत्रित कर सकती हैं, समाज और देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं,असमय मानव सहित विभिन्न जीवों को मृत्यु के मुख में ढकेल सकती हैं। कहने का आशय स्पष्ट है कि जब पर्यावरण और मानव एक दूसरे के बिना रह नहीं सकते, सह- अस्तित्व के बंधन से बँधे हुए हैं तो प्रजा और प्रशासन पर्यावरण को दूषित करने वाले कारकों की चिंता क्यों नहीं करते? मनुष्य क्यों उस पर्यावरण को दूषित करने पर आमादा है जो उसे पोषित करता है? क्यों अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी चला रहे हो?आज देश में मानवीय अविवेक पूर्ण गतिविधियों के ही कारण अधिकांश शहरों में न तो प्रदूषण मुक्त आवासीय जगह बची है"

**पर्यावरण** और उनके घटकों का प्रदूषण मुक्त होना प्रकृति तथा मानव सहित अन्य जीवों के अस्तित्व, अच्छे स्वास्थ्य, लंबी उम्र और सही दिशा में विकास के लिए आवश्यक है।
पर्यावरण का स्वास्थ्य प्रमुख रूप से पंचतत्वों (जल, वायु, पृथ्वी, अग्नि और आकाश) की प्रकृति और मानव के व्यवहार पर आश्रित है। मानव को यह एहसास होना जरूरी है कि इस धरा पर पर्यावरण वह नैसर्गिक उपहार है जो जीवन को विविध तरीकों से पोषित करता है इसलिए मानव सहित अन्य जीवों का अच्छा और बुरा स्वास्थ्य, पर्यावरण के अच्छे और बुरे स्वास्थ्य पर निर्भर है और पर्यावरण का अच्छा और बुरा स्वास्थ्य मानवीय गतिविधियों पर निर्भर है।

लगभग सभी भारतीय इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि प्रदूषित वातावरण और वस्तुएं मानव में विभिन्न घातक और प्राण लेवा बीमारियों का कारण बन सकती हैं, विभिन्न आपदाओं , परेशानियों को आमंत्रित कर सकती हैं, समाज और देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं,असमय मानव सहित विभिन्न जीवों को मृत्यु के मुख में ढकेल सकती हैं। कहने का आशय स्पष्ट है कि जब पर्यावरण और मानव एक दूसरे के बिना रह नहीं सकते, सह- अस्तित्व के बंधन से बँधे हुए हैं तो प्रजा और प्रशासन पर्यावरण को दूषित करने वाले कारकों की चिंता क्यों नहीं करते? मनुष्य क्यों उस पर्यावरण को दूषित करने पर आमादा है जो उसे पोषित करता है? क्यों अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी चला रहे हो?आज देश में मानवीय अविवेक पूर्ण गतिविधियों के ही कारण अधिकांश शहरों में न तो प्रदूषण मुक्त आवासीय जगह बची है,न ही श्वास लेने के लिए प्रदूषण मुक्त प्राणवायु, न ही पीने के लिए प्रदूषण मुक्त जल और न ही प्रदूषण (मिलावट) से मुक्त खान-पान की वस्तुएँ ।हम में से बहुत से लोगों ने अपने जीवन में शुद्ध पेयजल को शुल्क मुक्त सर्वत्र उपलब्ध देखा होगा। जबकि आजकल शुद्ध पेयजल घरों पर आरओ आदि द्वारा शुद्ध कर साथ लेकर चलना होता है, या बाजार से खरीदना पड़ता है ।जिस ढंग से ,जिस मात्रा में विभिन्न शहरों में प्राणवायु दूषित हो रही है उसे




"दूषित वायु से बचने के लिए इंसान ने मास्क लगाना तो शुरू ही कर दिया है ।कई घरों और आफिस में तो हवा को शुद्ध करने के उपकरणों का उपयोग आरंभ भी होने लगा है। इतना सब देखने,सहने के बाबजूद जीवों में सर्वश्रेष्ठ मानव न सोचने को,न समझने को,न विचारने को तैयार है और न ही अपनी जीवन- शैली और आदतों को सुधारने और प्रकृति सम्मत बनाने को तैयार है"

देख कर तो ऐसा लगता है कि वह समय बहुत दूर नहीं जब मनुष्य को शुद्ध पेयजल की तरह शुद्ध प्राणवायु भी साथ लेकर चलना पड़े । दूषित वायु से बचने के लिए इंसान ने मास्क लगाना तो शुरू ही कर दिया है ।कई घरों और आफिस में तो हवा को शुद्ध करने के उपकरणों का उपयोग आरंभ भी होने लगा है। इतना सब देखने,सहने के बाबजूद जीवों में सर्वश्रेष्ठ मानव न सोचने को,न समझने को,न विचारने को तैयार है और न ही अपनी जीवन- शैली और आदतों को सुधारने और प्रकृति सम्मत बनाने को तैयार है। ऐसा लगता है मनुष्य ने ठान ही लिया है कि वह जिस डाल पर बैठेगा उसे अवश्य काटेगा,अपना अनिष्ट करने से भी उसे कोई परहेज नहीं।अब भी मनुष्य के पास समय है सचेत होने का, सुधरने और सुधारने का नहीं तो फिर अब पछताय होत क्या,जब चिड़िया चुग गई खेत कहने के सिवा कुछ हाथ नहीं लगेगा। भारत में दिल्ली सहित विभिन्न शहरों की जनता आजकल पर्यावरण प्रदूषण से त्राहि-त्राहि कर रही है,एक्यूआई स्तर ने अपने पूराने रिकार्ड तोड़ने से परहेज करना छोड़ दिया है, सही भी है क्योंकि रिकॉर्ड तो तोड़ने के लिए ही बनते हैं। प्रदूषण के सभी प्रकार (जल, वायु, ध्वनि, मृदा प्रदूषण आदि)आज मनुष्य को आंखें दिखा कर कह रहे हैं कि रोक सकते हो तो रोक लो। प्रशासन प्रदूषण के प्रभाव से बच्चों को बचाने के लिए शिक्षण संस्थानों को ऑफ लाइन मॉड के स्थान ऑन लाइन मॉडल पर लगाने के निर्देश दे रहे हैं,आई टी आदि इंडस्ट्री कोरोना काल से ही अपने इम्प्लाइज से घर से ही काम करा रही हैं, आफिस बुलाने की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रही।आम और खास जनता के लिए जहरीली वायु के प्रभाव को कम करने के लिए कभी वाहनों को ओड- ईवन फामूर्ला अपनाने के लिए बाध्य किया जाता है, तो कभी हरित ट्रांसपोर्ट, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को प्रमोट किया जाता है, तो कभी पूराने/प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के उपयोग को प्रतिबंधित किया जाता है,तो कभी प्रदूषित वायु को खींचने के लिए मशीनों का उपयोग किया जाता है, तो कभी कृत्रिम वर्षा कराने पर विचार किया जाता है।अब तो न्यायलय भी आग्रह कर रहे हैं कि दिल्ली सहित भारत के विविध शहरों को प्रदूषण मुक्त करो, पराली सहित किसी भी प्रकार का कचरा मत जलाओ,ग्रेप 3 एवं ग्रेप 4 के प्रतिबंधों को लागू करो। ऐसा लगता है वह दिन दूर नहीं जब दिल्ली जैसे प्रदूषित शहरों में लिखा मिले कि सावधानःइस शहर में मानव सहित विभिन्न जीवों को अपनी रिस्क पर सांस लेना होगी; प्राणवायु से पूछ कर घर से बाहर निकलना बेहतर है । दिल्ली जैसे कुछ शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या इस वर्ष पहली बार विकराल हुई है , ऐसा नहीं है,कमोवेश हर वर्ष शीतकाल में ऐसी ही स्थिति निर्मित होती है।सभी उपाय असफल हो रहे हैं।हो भी क्यों नहीं क्योंकि स्वार्थी और सुविधा भोगी मानव सुधरने को तैयार नहीं है?राज्य और केंद्र में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बनी प्रदूषण नियंत्रण मंडल जैसी संस्थाएं अपना दायित्व ठीक से नहीं निभा रही हैं या उन्हें निभाने नहीं दिया जा रहा। इन सबसे ज्यादा चिंताजनक दिखाई देता है राजनेताओं का हर समस्याओं में राजनीति करने के अवसर तलाशना। मेरे अनुसार जब तक देश कि आम और खास जनता अपनी आवश्यकताओं को,सुख-सुविधाओं को, महत्वाकांक्षाओं को सीमित करने को तैयार नहीं होती , पर्यावरण से संबंधित नियमों का ईमानदारी से पालन नहीं करती ,तथा-कथित विकास के नाम पर पर्यावरण को नुक्सान पहुंचाना बंद नहीं करती, पर्यावरण को दूषित करना बंद नहीं करती तब तक पर्यावरणिय समस्याओं का निदान मुश्किल ही नहीं नामुमकिन नजर आता है।ऐसा लगता है दूसरों पर दोषारोपण करना तथा स्वयं की जिम्मेदार से मुंह मोड़ने की प्रवृत्ति मानव स्वयं के सर्वनाश की पटकथा लिखने पर उतारू हैं। इन परिस्थितियों में ईश्वर से मानव को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना के सिवा और

## संपादकीय

# राष्ट्रीय अस्मिता, संस्कृति का संवर्द्धन आवश्यक

**संविधान** भारत का राजधर्म है। भारतीय संविधान सभा की आखिरी बैठक (26 नवंबर, 1949) में डॉक्टर आम्बेडकर के प्रस्ताव पर मतदान हुआ और संविधान पारित हो गया। संविधान ही राष्ट्र का धारक और राज्य व्यवस्था का धर्म बना। भारत में संविधान ही सर्वोत्तम सत्ता है। हम भारत के लोगों को वाक्स्वातंत्र्य और विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार संविधान से मिले। जन गण मन ने स्वाभाविक ही समता, समरसता और संपन्नता के रंगीन सपने देखे। जन गण मन का भाग्य विधाता संविधान है। नागरिक संविधान के प्रति श्रद्धालु हैं। संविधान 26 नवम्बर 1949 के दिन बनकर तैयार हुआ। कृतज्ञ राष्ट्र 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाता है। दो दिन बाद संविधान दिवस है। संविधान ही राष्ट्र जीवन का मुख्य धारक होता है। भूमि, जन और संप्रभु शासन से ही राष्ट्र नहीं बनते। इनसे नेशन बनते हैं और नेशन व राष्ट्र में बड़ा अंतर है। राष्ट्र का आधार संस्कृति है। संविधान निमार्ता सांस्कृतिक क्षमता से परिचित थे। इसलिए संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र हैं। मुख पृष्ठ पर राम और कृष्ण हैं। भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़च काल की मोहरों के चित्र और भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम का दिव्य चित्र। भाग तीन मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय व भाग चार में राज्य के नीति निदेशक तत्वों वाले पन्नों पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र थे। भाग 5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महावीर और भाग 7 में सम्राट अशोक। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भागीरथ द्वारा गंगा अवतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरु गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमशः गांधी जी की दांडी यात्रा व नोआखली दंगों में शांति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्द महासागर की चित्रावली आनंदित करती है। संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिंदी की। (संविधान सभा कार्यवाही खण्ड 12, पृष्ठ 4261) चित्रमय प्रति दर्शनीय है। संस्कृति और इतिहास के छात्र संविधान की चित्रमय प्रति से प्रेरित होते हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के आखिरी भाषण (26.11.1949) में कहा, संविधान किसी बात के लिए उपबंध करे या न करे, देश का कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा, जो देश पर शासन करेंगे। आखिरी भाषण में डॉक्टर आम्बेडकर ने प्राचीन परंपरा की याद दिलाते हुए कहा, एक समय भारत गणराज्यों से सुसज्जित था। यह बात नहीं है कि भारत पहले संसदीय प्रक्रिया से अपरिचित था। डॉ॰ आम्बेडकर ने राष्ट्र शब्द पर काफी जोर दिया। अमेरिकी कथा सुनाई, अमेरिकी प्रोटेस्टेंट गिरिजाघर ने पूरे देश के लिए प्रार्थना प्रस्तावित की कि हे ईश्वर हमारे राष्ट्र को आशीर्वाद दो। अमेरिकी जनता ने आपत्तियां दर्ज की।

## कविता

### झूमता बसन्त है

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# ऋतुओं को निगलने लगा प्रदूषण

**विजय गर्ग**

**झील** की कोखों से जहां झांकते थे/ धूप से सोना मढ़े भाप के छल्ले वहां अब मंडराता है घना नीला कुहरा.... हेमंत का गीत गाते हुए अज्ञेय ने कभी इन्हीं पंक्तियों के साथ हेमंत ऋतु का स्वागत किया था, लेकिन अब कोहरा जैसा सौंदर्य इस समय शायद ही दिखता है। खूबसूरती ही नहीं, अब तो हेमंत ऋतु भी कहां महसूस कर पाते हम! वे दिन अब लद गए, जब सभी छह ऋतुएं हमें सुखद एहसास देती थीं। बसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर या शीत का एक अलग ही आनंद और उत्साह लोगों में दिखा करता था। मगर अब तो सर्दी, गरमी और बरसात, यही तीन मौसम विशेषकर उत्तर भारत के लोग अनुभव करते हैं।
ऋतुएं इसलिए खत्म हो रही हैं, क्योंकि वैश्विक गर्मी (ग्लोबल वार्मिंग) व प्रदूषण ने हमारे वातावरण को करीब-करीब बीमार बना दिया है। हेमंत की बात करें, तो ग्लोबल वार्मिंग के कारण मानसून का विस्तार होने लगा है। पहले सितंबर तक सामान्यतः मानसून खत्म हो जाता था, जिसके बाद हल्की ठंड की दस्तक होती थी। मगर इस साल अक्तूबर अंत तक मानसूनी बारिश होती रही। इसके बाद तापमान अचानक नीचे गिरा और मानो हेमंत ऋतु को उसने जैसे लील ही लिया। वैसे, इन दिनों तापमान 15-16 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा, लेकिन प्रदूषण के कारण ठंड का एहसास नहीं हो सका। कुछ यही हाल वसंत का भी है। बीते तीन-चार वर्षों से मार्च-अप्रैल से ही अब हीट वेब (अत्यधिक गरमी) शुरू हो जाती है। नतीजतन, वसंत की बयार नहीं बहती, गरमी का ताप हम झेलते हैं।
दरअसल, यह अनुमान लगाया गया था कि इंसानी गतिविधियों के कारण साल 2030 तक वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होगी। मगर अभी जब तापमान 1.1 या 1.2 डिग्री सेल्सियस तक है, हम मौसम संबंधी उन तमाम मुश्किलों का सामना करने लगे हैं, जो 1.5 डिग्री सेल्सियस पर तापमान के पहुंचने के बाद होने की आशंका जताई गई थी। हालांकि, अजरबैजान के बाकू में चल रहे कॉप-29 जलवायु वार्ता सम्मेलन में कहा गया है कि साल 2024 के शुरूआती नौ महीनों में वैश्विक औसत तापमान पूर्व औद्योगिक औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसी कारण, हम चरम मौसम की अवस्था देखने लगे हैं।
दिक्कत यह है कि इस तरह की रिपोर्ट जब आती हैं, तब तो हम सजगता दिखाते हैं, लेकिन बाद में उसे ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। जैसे कि साल 2017 में ही जलवायु परिवर्तन पर एक अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने अपनी रिपोर्ट में बता दिया था कि सर्दी में तापमान में तुलनात्मक रूप से वृद्धि देखी जा रही है, जिस कारण लोग पहले के मुकाबले कम ठंड महसूस करने लगे हैं। उसने इसकी वजह वैश्विक गर्मी बताई थी, जिसमें प्रदूषण का बड़ा योगदान होता है। मगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया। असल में, सर्दियों में गंगा के मैदानी इलाकों में वातावरण काफी स्थिर हो जाता है।

## विचार

# संयम, श्रम, आस्था के साथ सुनहरे भविष्य की ओर बढे

**संजीव**

**हमें स**दैव वर्तमान संघर्ष के साथ जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 141 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है। सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मोदी जी को कोई नहीं झुका सकता

**राकेश अचल**

**आप** माने या न मानें लेकिन मै मानता हूँ कि देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी अपने संकल्पों के धनी हैं । उन्हें उनके दृढ संकल्पों से कोई टस से मस नहीं कर सकता। दुनिया की कोई भी आसमानी-सुल्तानी ताकत उन्हें झुका नहीं सकती,वे अपनी मर्जी से झुक जाएँ ये अलग बात है। मोदी जी के इसी विशेष गुण की वजह से मै उनका मुरीद हूँ [अंधभक्त नहीं ]
क्या आपको पता है कि मोदी की सरकार में डेढ़ साल से जल रहे मणिपुर में शांति बहाली के लिए केंद्र ने मणिपुर में पूरे 10 हजार सुरक्षा बलों को भेजा है। इतनी फौज तो संविधान के अनुच्छेद 370 का सुख भोग चुके जम्मू-काश्मीर में भी कभी नहीं भेजी गयी। असम ,अरुणाचल प्रदेश ,नगालैंड नहीं भेजी गयी। मणिपुर में शांति की स्थापना के लिए मोदी जी सब कुछ तो कर रहे हैं ,लेकिन वहां जा नहीं रहे। अब नहीं जा रहे तो नहीं जा रहे किसी को क्या परेशानी है। मोदी जी कोई पानी हैं जो मणिपुर की आग को एक झटके में बुझा देंगे ?
कुछ सिरफिरों का मानना है कि यदि मणिपुर की अग्निभूमि पर माननीय मोदी जी के चरण एक बार पड़ जाएँ तो मणिपुर शांत हो सकता है । मोदी जी मणिपुर से जितना परहेज कर रहे हैं ,उसी मणिपुर में आग बुझने के बजाय और भड़क रही है ।मणिपुर छोटा सा राज्य है लेकिन इस राज्य के चरमपंथियों के पास जो असलाह है वो भारत के सुरक्षा बलों से ज्यादा मारक और आधुनिक है। आखिर ये सब चरमपंथियों को मिल कहाँ से रहा है ? मोदी जी के रहते कोई भारत की और आँख उठाकर भी नहीं देख सकता ,ऐसे में कौन है जो मणिपुर कि चरमपंथियों को लगातार गोला-बारूद और ड्रोन मुहैया करा रहा है ?
मणिपुर की समस्या दरअसल मणिपुर कि लोगों की समस्या है मोदी जी की नही। मणिपुर और मोदी जी अलग-अलग संज्ञाएँ हैं। दोनों को एक नजर से देखना अनुचित है। अब मोदी जी 1947 कि पहले कि महात्मा गांधी तो हो नहीं सकते जो मणिपुर के दंगाग्रस्त क्षेत्रों में जाएँ और उपवास करने बैठ जाएँ !

# सदाचार मेला

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक दिन** गाँव में बड़ी धूमधाम से एक पंचायती घोषणा हुई झ समस्त सम्मानित ग्रामीणों को सूचित किया जाता है कि गाँव में इस बार एक नया मेला लगेगा, जिसका नाम है सदाचार मेला। मेले में वे तमाम गुण मिलेंगे, जो हमने कभी सोचे नहीं और सोचे भी तो कभी अपनाए नहीं। यह सुनते ही गाँव के बुजुर्ग, युवा, और छोटे-छोटे बच्चे तक उत्साहित हो उठे। कुछ तो इतने प्रभावित हुए कि अपने-अपने खोटे काम छोड़कर मेले की तैयारी में जुट गए। गाँव के प्रधानजी, जिनका खुद का सदाचार से उतना ही नाता था जितना भैंस का अक्षर से, इस मेले के मुख्य संरक्षक बने। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा, हम इस मेले में नैतिकता की मिसाल पेश करेंगे। गाँव का हर शख्स यहाँ अपने-अपने सदाचारी गुण दिखाएगा और प्रमाण-पत्र पाएगा। उनके ये शब्द सुनकर उनकी पत्नी ने घर के अंदर से मुँह फेरकर कहा, गजब के बड़ाईबाज हो तुम भी। घर का नल तीन दिन से टपक रहा है और तुम दुनिया सुधारने चले हो। खैर, मेला शुरू हुआ। पहला स्टॉल लगा ईमानदारी का। प्रधानजी ने आदेश दिया कि गाँव के सभी प्रभावशाली लोग यहाँ आकर दिखाएँ कि वे कितने ईमानदार हैं। गाँव के ठेकेदार साहब, जो हर सरकारी योजना को अपनी योजना मानते थे, सबसे पहले पहुंचे। उनके हाथ में एक शपथपत्र था, जिसमें उन्होंने लिखा था, मैंने अपने जीवन में कभी रिश्वत नहीं ली। गाँव वाले ताली बजाते हुए बोले, वाह ठेकेदारजी! आप तो सच में महान हैं। उसी समय ठेकेदार के हाथ में एक लिफाफा पकड़ा दिया गया, जिसमें लिखा था इसे मेले के लिए चंदे में दीजिए। ठेकेदार ने बिना पलक झपकाए लिफाफा अपनी जेब में डाल लिया और बोला, आज की आमदनी से ही दे दूँगा। अगले स्टॉल का नाम था स्वच्छता और इसका उद्घाटन हुआ चौधरी साहब के हाथों। चौधरी साहब खुद के खेत में सालभर खाद डालते, पर सड़क पर कचरा फैलाते। उन्होंने हाथ में झाड़ू उठाया और स्टॉल के बाहर झाड़ू मारकर बोले, देखो, स्वच्छता अभियान में हम भी योगदान दे रहे हैं। गाँव के लोग तालियाँ बजाने लगे। उसी रात चौधरी साहब के घर के बाहर

## न्यूज फ्लैश

### चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ करने के लिए मिल ने 60 हजार क्विंटल गन्ने की पर्चियां की जारी

**सोनीपत:** शहर स्थित दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र वर्ष 2024-25 के शुभारम्भ करने के लिए मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों के लिए 60 हजार क्विंटल गन्ने पर्चियां जारी है। आगामी 25 नवंबर को गोहाना से विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री डा. अरविंद शर्मा नए पेराई सत्र का शुभारंभ करने के लिए पहुंचेंगें। मिल प्रबंधन की तरफ से कांटे पर गन्ना लेकर आने वाले किसानों को सम्मानित किया जायेगा। बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल में लगभग हर वर्ष पेराई सत्र का शुभारम्भ नवंबर माह के पहले सप्ताह में श्रुरू हो जाता था। लेकिन इस बार कारखाने में मशीनरी की रिपेयरिंग का कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका। जिसके चलते पेराई सत्र को शुरू करने में देरी हो रही है। मिल प्रबंधन की तरफ से पेराई सत्र वर्ष 2024-25 का शुभारम्भ करने के लिए 25 नवंबर की तिथि रखी गई है। जिसमें गोहाना से विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री डा. अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर पेराई सत्र का शुभारंभ करेंगे। साथ ही कांटे पर गन्ना लेकर आने वाले गन्ना उत्पादकों को सम्मानित करने का काम करेंगे। मिल प्रबंधन की तरफ से बॉयलर व कारखाने में मशीनरी का अंतिम टेस्ट हो चुका है।

**32 लाख क्विंटल गन्ने की हुई है बॉन्डिंग-** सोनीपत चीनी मिल प्रबंधन की तरफ से मिल के अंतर्गत आने वाले गन्ना उत्पादकों के साथ बोंडिंग प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। नए पेराई सत्र के लिए सोनीपत चीनी मिल ने किसानों के साथ 32 लाख क्विंटल गन्ने की बॉंडिंग की है। सोनीपत चीनी मिल क्षेत्र में करीब 14 हजार एकड़ भूमि में गन्ना किसानों द्वारा उत्पादित किया गया है। मिल प्रशासन द्वारा गन्ने की बॉंडिंग इस बार मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज रिकार्ड के आधार पर की गई है।

**गन्ना उत्पादकों को मिलेगी ऑनलाइन टोकन बुकिंग जैसी सुविधाएं-** सोनीपत चीनी मिल प्रदेश के हाईटेक चीनी मिलों में शुमार है। जहां पेराई प्रक्रिया लगभग पूरी तरह से पेपरलेस है। पेराई सत्र के दौरान किसानों को एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन बुकिंग सिस्टम की भी सुविधा प्राप्त होगी। जिसके अंतर्गत किसान घर बैठे अपनी सुविधा के अनुसार अपने गन्ने का टोकन ऑनलाइन तरीके से बुक करवा सकते हैं। यही नहीं एप के माध्यम से किसान को इस बात भी पूरी जानकारी रहेगी कि मौजूदा समय में कौन से टोकन नम्बर का तोल हो रहा है। जिसके बाद किसान अपना गन्ना लेकर घर से मिल के लिए चल सकता है। इस सिस्टम से किसानों को मिल में घंटों तक अपने टोकन के लिए इंतजार नहीं करना पड़ता। मिल के अधिकारी राकेश कुमार की तरफ से किसानों व मिल के लिए कई एप लॉन्च कर आनलाइन सुविधा को बढ़ाने का सराहनीय कदम उठाया गया है। जिसको लेकर जिला प्रशासन की तरफ से कई बार उन्हें सम्मानित करने का काम किया गया है।

### सिल्वर मेडल आने पर अर्चना का डेरा सच्चा सौदा सेवादारों ने किया जोरदार स्वागत



**पानीपत.( कमाल हुसैन )** मानवता भलाई कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना और दूसरों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना यही सोच दिल में लेकर और पूज्य हजूर पिता संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा के पावन वचनों पर अमल करती हुई डेरे के सेवादार दिन रात सेवा में जुटे हुए है।मानवता भलाई कार्य को आगे बढ़ाते हुए ब्लाक मतलोडा की साध संगत ने गांव शौदापुर की बेटी का नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल लाने पर जोरदार स्वागत किया।प्रेमी सेवक धन सिंह ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा की ओर से लगातार मानवता भलाई के कार्य किए जा रहे है। इसी के चलते गांव की बेटी अर्चना की खेल के प्रति अच्छी रुचि है और लगातार खेलो में अव्वल आती रही है लेकिन अर्चना के परिवार आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है तो गांव शौदापुर की सगत ने पहले भी बेटी की मदद की थी और अब श्री नगर के इनडोर स्टेडियम में पंचीग फ्लोट की नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर गांव का ही नहीं पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है जिसको लेकर गांव की सगत ने बेटी अर्चना का गांव में पहुंचे पर जोरदार स्वागत किया।इस मौके पर १५ मेम्बर बहने सुमन, सिमरन, बिमला और सुदेश, पवन, रमेश , रजिंदर, नरेश,आई टी विंग रीतिका, शिवानी, सुहानी,बुजुर्ग सुशीला, विद्या, वीर सिंह, मौजूद रहे।

# दिल्ली में भी आप पार्टी का सफाया होकर भाजपा की सरकार बनेगी: जैन

## महाराष्ट्र ने भाजपा की विकास एवं देश को मजबूत करने की राजनीति का समर्थन किया है: राजीव जैन

**जश्न मनाया**

▶▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का दूरदर्शी नेतृत्व की रणनीति से भाजपा ने जीत हासिल करती है



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की प्रचंड जीत पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अब दिल्ली में भी आप पार्टी का सफाया होकर भाजपा की सरकार बनेगी। पुरखास रोड स्थित कार्यालय में पहुंचे कार्यकर्ताओं को लड्डू वितरित करते हुए राजीव जैन ने कहा कि महाराष्ट्र में जनता ने कांग्रेस की तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने एवं देश विरोधी ताकतों को बढ़ावा देने की राजनीति को धता बताकर भाजपा की विकास एवं देश को मजबूत करने की राजनीति का समर्थन किया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का दूरदर्शी नेतृत्व की रणनीति से भाजपा ने जीत हासिल करती है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर ही आज पार्टी ने यह मुकाम हासिल किया है, इसलिए सभी कार्यकर्ता हरियाणा में 50 लाख नए सदस्य जोड़ने की अभियान को गति दे। उन्होंने कहा कि नये-नये परिवार भाजपा से जुड़ेंगे तो कांग्रेस जड़ से समाप्त हो जाएगी। इस मौके पर ईश्वर शर्मा, सुरेंद्र खत्री, सतीश कुमार, अनिल कौशिक, नीरज वाल्मीकि, सरल दीपक, राजेंद्र कुमार, पवन गुप्ता, राजेंद्र हरसाना, नवीन जैन, रोहतास कुमार, महा सिंह, आनंद प्रकाश, चंद्र भूषण आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिले में डेंगू के 6 नए मरीज मिले, आंकड़ा 455 पर पहुंचा

**डेंगू का प्रकोप**

▶▶ शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में डेंगू के छह नए मरीजों के मिलने की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** जिले में डेंगू, वायरल बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के छह नए मरीज मिले है। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में डेंगू के छह नए मरीजों के मिलने की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 455 हो गई है। वही मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 है। वहीं जिले में एक मरीज चिकनगुनिया का सामने आ चुका है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र से ज्यादा मरीज सामने आ रहे है। बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। वहीं डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शुक्रवार को जारी की रिपोर्ट में छह नए मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों की रिपोर्ट दी है।

### पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**समालखा: ( कुलदीप सिंह )**

**सीआईए** टू पुलिस टीम ने थाना समालखा क्षेत्र में अलग अलग स्थान से दो आरोपियों को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों की पहचान अमन उर्फ भीम निवासी पट्टीकल्याणा व सोनू उर्फ बाग निवासी चुलकाना के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार देर शाम थाना समालखा क्षेत्र में दिल्ली पैरलल नहर स्थित बुड़शाम पुल के पास मौजूद थी।

# जोर शोर से चल रहा सदस्यता अभियान: असीम

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के सदस्यता अभियान 2024 के तहत जिला पर्यवेक्षक और पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने जिलाध्यक्ष सुशील राणा के साथ आज एक प्रेस वार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने आगामी सदस्यता अभियान की रणनीति और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रेसवार्ता की शुरूआत जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स द्वारा सबके परिचय के साथ की गई। असीम गोयल ने बताया कि भाजपा का सदस्यता अभियान 2024 प्रदेश स्तर पर बहुत ही प्रभावशाली रूप से चल रहा है और अब तक लाखों लोग पार्टी में शामिल हो चुके हैं। यह



अभियान पार्टी के विचारधारा और जनहित कार्यों को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ग के नागरिकों को जोड़ने का एक प्रमुख प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिए हम प्रदेश की जनता को पार्टी की नीतियों, योजनाओं और कार्यों से अवगत कराएंगे और उन्हें भाजपा के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करेंगे। गोयल ने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले में सदस्यता अभियान को लेकर विशेष योजना बनाई गई है। जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने भी कहा कि आगामी दिनों में पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ स्तर पर लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए सक्रिय रूप से काम करेंगे। राणा जी ने कहा कि भाजपा हर वर्ग के विकास में विश्वास करती है और जनता के बीच पार्टी की योजनाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान, भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाना और उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ना मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ ही, पार्टी ने स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान को भी तेज किया है।

**प्रभावशाली**

▶▶ भाजपा का सदस्यता अभियान 2024 प्रदेश स्तर पर बहुत ही प्रभावशाली रूप से चल रहा है

### केबल की दुकान में आग से हड़कंप

**सोनीपत:** शहर में बीती रात कुम्हार गेट स्थित 3 मंजिला मकान में बिजली शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आगजनी में घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के चलते कमरे में फंसे परिवारजनों ने छत से कूद कर अपनी जान बचाई। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। मकान मालिक सचिन जैन ने बताया कि वह और उसके भाइयों का परिवार कमरे में सो रहे थे कि रात लगभग 11 बजे आग की लपटे उठती दिखी। भवन के नीचे स्थित दुकान का शटर बंद होने के कारण आग की लपटे ऊपर तक पहुंच गई। पीड़ित ने बताया कि वह रेहड़ी लगाकर परिवार का गुजारा करते है। और आगजनी से 10से12 लाख रुपये का नुकसान हो गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन मौके पर पहुंचे। पीड़ित ने भाजपा नेता को बताया कि नीचे खड़ी दो ई रिक्षा, घर में रखे सोफे, एयर कंडीशनर सहित सारा सामान जल गया और आग से दीवारों व छत को भी नुकसान पहुंचा है। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि वह जिला प्रशासन व सरकार से बातचीत करके आर्थिक मदद करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि कविता जैन के मंत्री काल में जितनी भी आगजनी की घटनाएं हुई सभी पीड़ितों को आर्थिक मदद प्रदान की गई थी।

# केयू में आयोजित होगा राज्य स्तरीय 'संविधान दिवस' कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित ऑनलाइन बैठक में राज्य स्तरीय संविधान दिवस को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम 26 नवंबर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद गीता सदन (ऑडिटोरियम) में



बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा सभागार में उपस्थित शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को विशेष उद्बोधन देंगे। ऑनलाइन बैठक में मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार की ओर से कार्यक्रम को लेकर अहम दिशा-निर्देश भी दिए गए। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि संविधान दिवस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी कार्यक्रम के ओवर ऑल इंचार्ज होंगे। उन्होंने बताया कि संविधान दिवस को लेकर केयू ललित कला विभाग की ओर से क्रश हॉल में लगाई जाने वाली प्रदर्शनी में लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक, विधि विभाग के अध्यक्ष एवं विधि संस्थान के निदेशक की अहम भूमिका रहेगी। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि ऑनलाइन बैठक के बाद कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा द्वारा कार्यक्रम के लिए गठित

**विशेष उद्बोधन**

▶▶ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद गीता सदन (ऑडिटोरियम) में धूमधाम से मनाया जाएगा

# युवक को पीटकर तीन हजार रुपये छीने, मोबाइल फोन लूटा

**लूटपाट**

▶▶ वह एटलस रोड पर डेंटिंग-पेंटिंग का सामान लेने के लिए आए थे। ई-रिक्शा नहीं मिली

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-23 के हुडा ग्राउंड के पास बाइक सवार तीन युवक डेंटर-पेंटर से तीन हजार रुपये छीन ले गए, और उनका मोबाइल जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। पीड़ित एटलस रोड से सामान खरीद कर वापस गढ़ी ब्राह्मणान जा रहे था। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मुनकापुरवा रायबरेली उत्तर प्रदेश निवासी रामकेवल ने बताया कि वह फिलहाल बदपुर स्थित राजीव नगर में रहते है। वह गढ़ी ब्राह्मणान के पास डेंटिंग-पेंटिंग का काम करते हैं। वह एटलस रोड पर डेंटिंग-पेंटिंग का सामान लेने के लिए आए थे। सामान लेकर चलने लगे तो ई-रिक्शा नहीं मिली। जिस पर वह पैदल ही चल दिए। वह सेक्टर-23 में हुडा ग्राउंड के पास पहुंचे तो बाइक सवार तीन युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। दो युवक बाइक से उतरकर आए और उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। युवकों ने मोबाइल के कवर में रखे तीन हजार रुपये निकाल लिए और फिर मोबाइल को सड़क पर पटक कर तोड़ दिया। जिसके बाद वह बाइक पर सवार होकर भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। शहर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### फतेहाबाद में मकान के ताले टूटे,1700 डॉलर सहित सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने जिले के शहर टोहाना में एक मकान के ताले तोडकर वहां रखे डॉलर व अन्य सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शनिवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में तिलक नगर, रतिया रोड टोहाना निवासी रविन्द्र सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह और उसके परिवार के लोग सभी अपने काम पर चले गए थे। दोपहर को जब वह खाना खाने घर आया तो देखा कि मकान के गेट का ताला टूटा हुआ था। जब वह अंदर गया तो पाया कि कमरे व अलमारी के ताले टूटे पड़े थे।

# पर्यावरण संरक्षण में युवा निभा सकते हैं अहम भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में शनिवार को विश्वविद्यालय के इको क्लब द्वारा राष्ट्रीय पर्यावरण यूथ पार्लियामेंट का विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में पर्यावरण के विविध विषयों पर छात्रों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि हमें आंतरिक एवं बाह्य दोनों तरह के पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को मिशन लाईफ की अवधारणा के बारे में बताया। प्रो. एआर चौधरी ने



सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय स्तर एवं अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डिप्टी एनवायरमेंट नोडल आफिसर डॉ. दीपक राय ने मुख्यातिथि का स्वागत किया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा और महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 24 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। डिप्टी एनवायरमेंट नोडल आफिसर डॉ. मीनाक्षी सुहाग ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के विषयों के बारे में अवगत करवाया और इको क्लब के कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. विजय कुमार, जूलॉजी विभाग के डॉ. दीपक राय एवं पर्यावरण अध्ययन संस्थान से डॉ. मीनाक्षी सुहाग ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। सभी चयनित छात्रों को अगले स्तर की क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षित भी किया गया।

**संवाद**

▶▶ एआर चौधरी ने प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में पर्यावरण के विविध विषयों पर छात्रों के साथ संवाद किया

# ज्ञानानंद ने प्रभु चरणां दे नाल......भजन गाकर किया मंत्रमुग्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा लक्ष्मण कॉलोनी में मंगत राम मैहता के निवास स्थान पर संकीर्तन व प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। इस संकीर्तन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें महिलाएं भी काफी संख्या में शामिल थी। संकीर्तन में गीता मनीषी ने प्रभु चरणां दे नाल मन मेरा लग्गा रहे.... भजन गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने भी प्रभातफेरी में शामिल होकर गीता मनीषी का आशीर्वाद प्राप्त किया। गीता मनीषी ने प्रभातफेरी के आयोजक मंगत राम मैहता परिवार को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और संजय व उमा आहूजा के निवास स्थान पर जाकर उन्हें भी आशीर्वाद दिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मानव को भ्रम में नहीं जीना चाहिए और मन को व्यर्थ में ही अपने चिंतन में उलझाने का प्रयास नहीं करना चाहिए और मन को प्रभु के चरणों में लगाना चाहिए तथा शरीर से अच्छा व्यवहार करना चाहिए, जिससे तन और मन दोनों ठीक रहेंगे। उन्होंने कहा कि सुबह के समय में प्रभु का नाम लेने से विशेष लाभ होता है। सुबह के समय योग व ध्यान करना तथा भगवान का नाम लेना चाहिए। क्योंकि सुबह का समय जहां शांत होता होता है तो वहीं बाहर के वातावरण का सात्विक प्रभाव भी मन पर पड़ता है और सुबह के समय मन को स्वभाविक शांति मिलती है, जो कि दिन के समय नहीं होती। दिन में मन में अनेक प्रकार की हलचल होती रहती है। सुबह मन शांत होने के कारण पूजा पाठ में लगता है और अभ्यास बन जाता है, जिससे मन स्थिर रहता है। गीता का सूत्र यही है कि मन को प्रभु चरणों में लगाकर तन से संघर्ष करो।गीता ज्ञान संस्थानम के व्यवस्थापक राजेंद्र चोपड़ा ने बताया कि गीता जयंती के अवसर पर 4 से 8 दिसंबर तक संस्थानम परिसर में 5 दिवसीय दिव्य गीता सत्संग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज सायं 3 से 6 बजे तक व्यासपीठ से गीता ज्ञान की अमृत वर्षा करेंगे।



**प्रभातफेरी**

▶▶ लक्ष्मण कॉलोनी में मंगत राम मैहता के निवास स्थान पर संकीर्तन व प्रभातफेरी का आयोजन किया

# हत्या के दोषी को अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बरोदा** थाना क्षेत्र में व्यक्ति की नुकीले हथियार से हत्या करने के आरोपित को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष चंद्र सरोए की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर पचास हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। व्यक्ति घटना के समय गांव बुटाना कुंडू में अपनी बहन के घर गए हुए था। गांव बुटाना कुंडू निवासी प्रवीन ने बरोदा थाना पुलिस को बताया था कि उनके मामा गांव पांची जाटान निवासी राजकुमार (40) 5 दिसंबर, 2019 को उनके घर गांव बुटाना कुंडू आए थे। राजकुमार खेती बाड़ी का काम करते थे। वह शाम को गांव बुटाना कुंडू में अपने साथी सुरेंद्र के घर गए थे। वहां पर कुछ देर बाद सुरेंद्र व मामा राजकुमार बैठकर शराब पीने लगे थे। शराब पीते हुए मामूली कहासुनी को लेकर सुरेंद्र व मामा राजकुमार में झगड़ा हो गया था। जिसमें सुरेंद्र ने उनके मामा राजकुमार की गर्दन पर किसी नुकीले हथियार से कई वार कर दिए थे। जिससे उनके मामा राजकुमार की मौत हो गई। वारदात के बाद हमलावर मौके से भाग गया था। रात तक जब मामा उनके घर नहीं पहुंचे तो उनकी तलाश शुरू की गई थी। जिस पर जब परिजन उन्हें तलाश करते हुए सुरेंद्र के घर गए थे तो वहां मामा राजकुमार का शव पड़ा था। मामले में पुलिस को अवगत कराया गया था। पुलिस ने सुरेंद्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए बुटाना चौकी पुलिस ने आरोपित सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। मामले में सुनवाई के बाद एएसजे सुभाष चंद्र सरोए ने आरोपित सुरेंद्र को दोषी करार दिया।

## न्यूज फ्लैश

### विदेश भेजने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से रहें सावधान

**पानीपत, (कमाल हुसैन) :** शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहने की जरूरत है। लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। हरियाणा सरकार कबूतरबाजी को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर से कबूतरबाजों से बचने के लिए जनहित में टोल फ्री नंबर 8053003400 जारी किया गया है। उपायुक्त डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। प्राय: देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई, अन्य संपत्ति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे अनेक मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है। इसलिए ऐसे कबूतरबाज ट्रैवल एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और सरकार की ओर से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने का प्लान बनाएं। उन्होंने बताया कि सरकार की और से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों की सूची जारी की हुई है। अधिक जानकारी ईएमआईजीआरएटीई.जीओवी.आईएन के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

### जयराम पब्लिक स्कूल में मनाया गया गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस



**टीम एक्शन इंडिया दलबीर मलिक कुरुक्षेत्र :** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल एवं न्यू सैनिक स्कूल में सिखों के 9 वें गुरु श्री तेग बहादुर जी का बलिदान दिवस मनाया गया। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल एवं अन्य अध्यापिकाओं ने गुरु तेग बहादुर जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कक्षा सप्तम की छात्रा मिरल ने अपने संबोधन में बच्चों को उनके जीवन और विचारों के बारे में अवगत कराया। छात्रा रिदम ने गुरु तेग बहादुर के जीवन पर आधारित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रिंसिपल ने बच्चों को बताया कि गुरु तेग बहादुर जी ऐसे साहसी योद्धा थे जिन्होंने धर्म की रक्षा और सत्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। ऐसे शहीदों को हम हृदय से नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने मुगल बादशाह औरंगजेब के अत्याचारों के आगे घुटने नहीं टेके बल्कि ईश्वरीय शांति के साथ उसे सहन किया। कार्यक्रम में रजनी, ज्योति, मनजीत, पूजा जश्न, लवली, सिमरन, रंजना इत्यादि अध्यापिकाएं मौजूद रही।

# देश को मिले संविधान संग्रहालय और अधिकार एवं स्वतंत्रता अकादमी

### भारतीय संविधान के प्रति सम्मान और उसके मूल्यों के प्रचार-प्रसार में मील का पत्थर साबित होगी

**लोकार्पण**

**▶▶ मुख्य उद्देश्य भारत के संविधान के इतिहास और संविधान प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जारूकता बढ़ाना है**




**टीम एक्शन इंडिया दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** 75वे संविधान दिवस के उपलक्ष्य में, ओ.पी. जिन्दल ग्लोबल युनिवर्सिटी, सोनीपत के प्रांगण में, देश के पहले संविधान संग्रहालय और अधिकार एवं स्वतंत्रता अकादमी का लोकार्पण अर्जुन राम मेघवाल, कानून एवं न्याय राज्यमंत्री, भारत सरकार और कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सांसद, प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी और ओ.पी. जिन्दल ग्लोबल युनिवर्सिटी सोनीपत के चांसलर, नवीन जिन्दल द्वारा किया गया। इस संविधान संग्रहालय और अधिकार एवं स्वतंत्रता अकादमी का मुख्य उद्धेश्य भारत के संविधान के इतिहास और संविधान प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जारूकता बढ़ाना है। यह संग्रहालय नागरिकों और विद्यार्थियों को संविधान को गहराई से समझने और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने की प्रेरणा देने का काम करेगा। इस संग्रहालय के माध्यम से संविधान के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जायेगा। इसका उद्धेश्य, संविधान निर्माण की यात्रा, उसके मूल सिद्धांतों और नागरिक अधिकारों को दर्शाना है इसके साथ ही, लोगों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने में सहायता मिलेगी। सोनीपत की ओ.पी. जिन्दल ग्लोबल युनिवर्सिटी में देश के पहले संविधान संग्रहालय और अधिकार एवं स्वतंत्रता अकादमी की स्थापना के लिए सांसद नवीन जिन्दल का आभार जताते हुए डॉ. राज कुमार ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर देश को संविधान संग्रहालय और अधिकार एवं स्वतंत्रता अकादमी मिलना बहुत ही हर्ष का विषय है। यह संविधान संग्रहालय और अधिकार एवं स्वतंत्रता अकादमी, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अध्ययन केंद्र की भूमिका अदा करेंगे। इसमें संविधान निर्माण से जुड़े ऐतिहासिक दस्तावेज, दुर्लभ चित्र और आधुनिक डिजिटल तकनीक का समावेश किया गया है जो विधार्थियों और नागरिको का संवैधानिक ज्ञान बढ़ाने में मदद करेंगे। सांसद नवीन जिन्दल की यह पहल भारतीय संविधान के प्रति सम्मान और उसके मूल्यों के प्रचार-प्रसार में मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने बताया कि हमारा संविधान केवल एक दस्तावेज नही, बलिक देश की आत्मा है। यह हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। इस महत्वपूर्ण कार्य की सफलता के लिए ओ.पी. जिन्दल ग्लोबल युनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर सी. राज कुमार और उनकी टीम भी बधाई की पात्र है। उन्होंने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने इस ऐतिहासिक परियोजना का श्रीगणेश करवा कर न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश को गौरांवित किया है। यह संग्रहालय व अकादमी युवाओं को संविधान को गहराई से समझने और अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य करेंगे।

## छात्रवृत्ति से संबंधित बातों को विस्तारपूर्वक बताया गया



**टीम एक्शन इंडिया पानीपत , (कमाल हुसैन )**

**पीएम श्री** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरल में छात्राओं को नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित नवीन जिंदल छात्रवृति योजना की जानकारी दी गई और छात्रवृत्ति से संबंधित सभी बातों को विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के पूर्व कैथल ब्लॉक महासचिव कृष्ण टीक ने विशेष पर शिरकत की। सतीश भारद्वाज ने बताया कि विभिन्न कोर्सों में प्रवेश लेने के लिए अध्ययन हेतु 50 प्रतिशत आर्थिक सहायता नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा दी जाती है और लोकसभा क्षेत्र के होनहार विद्यार्थियों को, जिनकी फैमिली आईडी में इनकम ढाई लाख रुपए से कम है और 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हैं, उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा, उसके लिए वेबसाइट पर जाकर इस योजना के लिए अपलाई कर सकते हैं। सतीश भारद्वाज ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का एक ही सपना है कि उनके लोकसभा क्षेत्र के विद्यार्थी आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि न केवल शिक्षा को लेकर बल्कि स्वास्थ्य, खेल और जन समस्याओं को हल करने को लेकर भी सांसद नवीन जिंदल कार्य कर रहे हैं। जन समस्याओं के निवारण के लिए गांवो में नवीन जिंदल समाधान शिविर के माध्यम से, स्वास्थ्य वैन के माध्यम से, जिम और अन्य खेल किट उपलब्ध करवा कर युवाओं को भी लाभान्वित कर रहे हैं। इस दौरान सतीश भारद्वाज ने कहा कि अब परीक्षाओं का समय है।

## समाजसेवी ने बच्चों को वितरित किए जूते



**टीम एक्शन इंडिया दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों के लिए गर्म कपड़े एवं जूते इत्यादि अहम स्थान रखते हैं। ऐसे में कुरुक्षेत्र के लोटस ग्रीन सिटी सेक्टर 9 के निवासी प्रमुख समाजसेवी विनीत गुप्ता के सहयोग से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को 100 जोड़ी जूते निशुल्क वितरित किए गए। सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है तो सभी ने इसे प्रशंसनीय योगदान माना है। बच्चों ने भी समाजसेवी विनीत गुप्ता के इस सहयोग के लिए आभार जताया है। प्रधानाचार्य अश्वनी कौशिक ने विनीत गुप्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि विनीत गुप्ता ने इस प्रकार का सराहनीय कार्य करते हुए अन्य नगर वासियों को भी जरूरतमंद बच्चों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया है।

## हिंदुस्तान को जगतगुरु के सिंहासन पर बैठाना हमारा लक्ष्य: शिक्षा मंत्री

**प्रतिबद्ध**

**▶▶ प्रतिभाओं का हनन नहीं होगा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। नई शिक्षा नीति हर भाषा में है**



**टीम एक्शन इंडिया पानीपत/(कमाल हुसैन**

**हरियाणा** के शिक्षा पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने 6 गांव के धन्यवादी दौरे के दौरान शनिवार को कुटानी व बराना में कहां है कि हिंदुस्तान को जगतगुरु के सिंहासन पर बैठाना हमारा लक्ष्य है । नेताजी सुभाष चंद्र बोस व सरदार पटेल के सपनो को साकार करने को लेकर सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पानीपत ग्रामीण के विकास में किसी प्रकार की कोई कसर बाकी नहीं छोडूंगा। ईमानदारी, निष्ठा के साथ काम किया जाएगा व उनका पूरा जोर सामूहिक कार्यों पर रहेगा।

मंत्री ने कहा कि पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर 42 सौ करोड रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की जा चुकी है । आगे भी क्षेत्र में विकास की गति जारी रहेगी। ग्रामीणों ने पगड़ी पहन कर व बुके देखकर उनका अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने जो सामूहिक मांग पत्र मंत्री को सौंपा उसे उन्होंने पूरा करने का आश्वासन दिया। शिक्षा पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि विकास की गति पर और बल दिया जाएगा।अभी बड़ा परिवर्तन करना बाकी है। इसको लेकर प्रयास किये जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि हमें बेटियों को अवसर प्रदान करने में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व राज्य का नाम रोशन कर रही है।

मंत्री ने आह्वान किया कि हमें बेटियों को इस योग्य बनना होगा ताकि वो शिक्षा ,खेल व अन्य क्षेत्रो में आगे बढ़ सके, कुपोषण से बचाव कर सके। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। हमे अपने नैतिक मूल्यों पर भी ध्यान देना होगा। यह सब हमारे अथक प्रयासों से ही हो पाएगा। मंत्री ने कहा कि कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर कार्य किया जा रहा है। जो पूरी तरह जनता के हित मे है। मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने व चांद तारों से आगे ले जाने को लेकर सरकार नई शिक्षा नीति लेकर आई है। जिसमें प्रतिभाओं का हनन नहीं होगा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा।

नई शिक्षा नीति हर भाषा में है।

## 2047 तक भारत को बनाया जाएगा विकसित भारत: सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि आज चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो, स्टार्ट अप हो, कौशल या खेल हो, प्रदेश के युवाओं को स्पोर्ट करने के लिए हर क्षेत्र में एक आधुनिक डायनमिक ईको-सिस्टम सरकार द्वारा तैयार किया जा रहा है। प्रदेश के युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची उनकी प्रतिभा और कुशलता के आधार पर रोजगार दिया जा रहा



है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी शनिवार को लाडवा के ब्राहम्ण, डूडा, डूडी, सलेमपुर, बरोट, बडाचपुर, बडौंदी गांव में आयोजित धन्यवाद समारोह में ग्रामीणवासियों को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नॉन स्टाप विकास कार्य हो रहे हैं। आप सबके आशीर्वाद से प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है, विकास कार्यों की गति को और तेज गति के साथ आगे बढाया जाएगा।

**ईको सिस्टम**

**▶▶ युवाओं को स्पोर्ट करने के लिए हर क्षेत्र में एक आधुनिक डायनमिक ईको-सिस्टम सरकार द्वारा तैयार किया जा रहा**

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प में हमें अपनी पूर्ण आहुति डालनी है।

युवाओं को विकसित हरियाणा व विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करना है। विधानसभा चुनावों में आपका ऐतिहासिक और निर्णायक जनादेश मिला है।

## शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा का लव्केचर किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया पानीपत , ( कमाल हुसैन)** एस डी वी एम सिटी स्कूल के प्रांगण में शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा को एक लेक्चर का आयोजन करवाया गया यह लेक्चर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने संबोधित किया । इस मौके पर राजीव परुथी ने स्कूल की मैनेजमेंट एवं प्रिंसिपल शिवानी न का तहे दिल से धन्यवाद किया राजीव परुथी ने शिक्षकों को लेक्चर के माध्यम से काफी मुद्दों पर प्रकाश डाला जैसे अंग्रेजी भाषा का ज्ञान बहुत



जरूरी एवं अंग्रेजी सीखने के आसान तरीका बताएं और आत्मविश्वास की भावना हमेशा जागृत रहे एवं टीचिंग स्किल्स और अपने आप को अपडेट रहने को कहां राजीव परुथी के अनुसार हर शिक्षक को सीखते रहना चाहिए। सीखने की कोई उम्र नहीं होती शिक्षक को भी अपने अंदर बदलाव लाना चाहिए राजीव के अनुसार जो शिक्षक समय के साथ अपने अंदर बदलाव लाता है वही बच्चों में बदलाव ला सकता है इस मौके पर काफी टीचरों ने सवाल जवाब भी किया

राजीव परुथी ने लेक्चर के माध्यम से उनके सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया मौके पर सभी टीचरों ने राजीव परुथी का तहे दिल से धन्यवाद किया ।

## कार और ई-रिक्शा में टक्कर, कार पलटी

**टीम एक्शन इंडिया राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हांसी रोड से नमस्ते चौक की तरफ जाते हुए वेग्नार कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद कार सडक पर पलट गई। ई-रिक्शा और 5 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं, जिन्हें कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। आरोप है कि कार चालक ने ड्रिंक की हुई थी और लापरवाही के कारण एक्सीडेंट हुआ। कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। हादसे में कार चालक भी घायल हुआ है, उसके बावजूद भी कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

## शुरूआत में ही विफल हुई नई सरकार: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी की नई सरकार के कामकाज पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जिस तरह पूत के पांव पालने में ही दिखने लग जाते हैं, उसी तरह बीजेपी की नई सरकार की विफलताएं भी शुरूआत में ही उजागर हो गई हैं। नई सरकार भी पिछली बीजेपी सरकार की तरह किसानों को ना खाद दे पाई और ना ही एमएसपी। हुड्डा आज सोनीपत के कई सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे थे। इस मौके पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने खाद की उपलब्धता पर भी झूठ बोला है। सरकार ने कहा कि खाद की कोई



किल्लत नही है, जबकि खाद नही मिलने के चलते पूरे हरियाणा के किसानों में त्राहिमाम मचा हुआ है। हरियाणा के इतिहास में ऐसा सिर्फ बीजेपी राज में हुआ कि थानों के भीतर और पुलिस सुरक्षा में खाद बंटवानी पड़ रही। हर बार किसानों को बुआई का सीजन जाने के बाद खाद दी जाती है। हुड्डा ने बीजेपी के चुनावी वादे याद दिलवाते हुए कहा कि उसने धान का ?3100 रेट देने का वादा किया था। लेकिन सच्चाई यह है कि सरकार बनने पर बीजेपी ने किसानों को एमएसपी तक नहीं दी। उन्हें 200 से 400 कम रेट पर अपनी फसल बेचनी पड़ी।

**सरकार को घेरा**

**▶▶ ह बीजेपी की नई सरकार की विफलताएं भी शुरूआत में ही उजागर हो गई है: भूपेंद्र सिंह हुड्डा**

इसी तरह बीजेपी ने चुनाव से पहले 500 में गैस सिलेंडर और महिलाओं को 2100 हर महीने देने का वादा किया था। लेकिन सरकार ने अबतक अपना कोई वादा पूरा नही किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हरियाणा को विकास और समृद्धि में नंबर वन बनाया था।

## आध्यात्मिकता बनाती है जीवन यात्रा को बेहतर और सुगम

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम: आध्यात्मिकता** हमारी जीवन यात्रा को बेहतर और सुगम बनाती है। उक्त विचार लेफ्ट. जनरल, डी.जी. बीआरओ, रघु श्रीनिवासन ने व्यक्त किए। उन्होंने ये बात ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में सेना एवं सुरक्षा बलों के अधिकारियों तथा जवानों के लिए आयोजित कार्यक्रम में कही। संस्था के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा सेल्फ एंपावरमेंट विषय पर आयोजित डायलॉग के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता में सामाजिक हित स्वतः ही समाया हुआ है। लेफ्ट. जनरल श्रीनिवासन ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज से उनका काफी पुराना संपर्क है। उनके पिताजी भी नौसेना अधिकारी के रूप से संस्था



के मुख्यालय माउंट आबू गए थे। उन्होंने कहा कि यहां आने से ही एक नई ऊर्जा का संचार होता है। भारतीय नौसेना के पूर्व वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था हमें अपने ही भीतर के शत्रुओं से लड़ना सिखाती है। उन्होंने कहा कि संस्था में महिलाओं को उचित सम्मान दिया जाता है। एडमिरल घोरमडे ने कहा कि वो पिछले कई वर्षों से वो राजयोग का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजयोग हमें सहज ही अनुशासित करता है। योग से एक ऐसा आत्मबल पैदा होता है जो परिस्थितियों से सामना करने की शक्ति देता है। आरएएफ के महानिरीक्षक सुनील जून ने कहा कि स्वयं को जानने से बहुत सी समस्याओं का हल अपने आप ही हो जाता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के सामने आज बहुत सी चुनौतियां हैं। जिनका सामना में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा सिखाए जा रहे राजयोग से आसानी से हो जाता है। सीनियर ज्वाइंट सीजीडीए मौसमी रुद्र ने कहा कि आत्म सशक्तिकरण के लिए ये जगह वरदानी है। उन्होंने कहा कि जीवन में हमारी सोच का बहुत बड़ा महत्व है। ब्रह्माकुमारीज संस्था विचारों को श्रेष्ठ बनाने का सराहनीय कार्य कर रही है। संस्था के दिल्ली, हरीनगर सेवाकेंद्र निदेशिका राजयोगिनी शुक्ला दीदी ने कार्यक्रम में अपने आशीर्वचन प्रदान किए। संस्था के सुरक्षा प्रभाग की उपाध्यक्ष शुक्ला दीदी ने कहा कि ये संसार चुनौतियों का समंदर है। उन्होंने कहा कि चुनौतियां हमारे लिए एक अवसर हैं। चुनौतियों से ही पता चलता है कि हम भीतर से कितने शक्तिशाली हैं। उन्होंने कहा कि एक कमजोर मन के आगे छोटी सी परिस्थिति भी बहुत बड़ी चुनौती बन जाती है। सकारात्मक एवं शुद्ध चिंतन के द्वारा ही मन को शक्तिशाली बना सकते हैं। राजयोग के द्वारा ही हमारा चिंतन श्रेष्ठ होता है।

**चुनौतियां**

**▶▶ स्वयं को जानने से बहुत सी समस्याओं का हल अपने आप ही हो जाता है। सुरक्षा बलों के सामने आज बहुत सी चुनौतियां हैं**

## केयू स्पार्टन टीम बनी टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता की चैम्पियन

**टीम एक्शन इंडिया दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में शनिवार को केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के अनौपचारिक टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए केयू स्पार्टन टीम ने चैम्पियन का खिताब जीता। इस अवसर पर कुवि के सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा ने टॉस उछालकर फाइनल मैच में खिलाड़ियों को अच्छे खेल के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल हमारे शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी



जरूरी है। मैच में एडमिन प्लेयर्स के कप्तान पवन शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। केयू स्पार्टन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 144 रन बनाए जिसमें अजय डोगरा ने 25, अंशुल शर्मा ने 22, अशोक थापा ने 21 तथा सुशील यादव ने 20 रन की अहम पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयू एडमिन प्लेयर्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 118 रन ही बना सकी। एडमिन प्लेयर्स के ओपनर बल्लेबाज रविन्द्र सैनी सर्वाधिक 47 रन बनाए।

# मैनें विकास के काम के बल पर विधानसभा चुनाव लड़ाः परिवहन मंत्री अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि "मैनें अम्बाला छावनी में कराए गए विकास के मुद्दे पर विधानसभा चुनाव लड़ा और चुनाव प्रचार के दौरान किसी सभा, मीटिंग व भाषण में मैनें कोई राष्ट्रीय या प्रदेशस्तरीय मुद्दा नहीं उठाया और मैंने चुनाव प्रचार में हर जगह विकास की बात कही"। विज ने कहा कि मैं देखना चाहता था कि मेरी विधानसभा में काम करने की कितनी कद्र है। मैनें चुनाव में कोई राष्ट्रीय नेता नहीं बुलाया जबकि कई स्थानों पर राष्ट्रीय




नेता चुनाव प्रचार के लिए तीन-तीन बार आए। इस बार नीतिगत तरीके से मैनें चुनाव लड़ा व चुनाव में स्थानीय मुद्दों को ही घोषणापत्र में उठाया। मुझे अम्बाला छावनी में करवाए गए विकास कार्यों पर पूरा भरोसा था और मैंने कभी भी जाति-पाति की राजनीति नहीं की जबकि उनके विरोधी यह कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ह्लमैनें पहले सोच लिया था कि मैं जो दिन-रात काम करने के लिए मर रहा हूं मैं देखू कि मेरे मरने की यह शहर कीमत पाता है या नहीं। हो सकता है कि इस चुनाव में इस वजह से मैं हार भी जाता, लेकिन यह जानना बहुत जरूरी था। मैनें कोरे काम के सिर पर चुनाव लड़ा, एक पेड वर्कर तक मेरे पास नहीं था। सारे हिंदुस्तान में मैं चैलेंज करके कह सकता हूं कि ऐसा चुनाव कहीं नहीं लड़ा गया होगा और मैनें बहुत आराम से योजनाबद्ध तरीके से चुनाव लड़ा। पहले होता था कि कुछ गिने-चुने हाथों में कमान चली जाती थी और काम बिखर जाता था। इस बार मैनें चुनाव से पहले छावनी में 14 जोन बनाए थे और सभी जोन प्रधान अपने-अपने जोन के प्रति जवाबदेह है। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि विधानसभा चुनाव में इस बार दिल्ली तक से मीडिया अम्बाला छावनी में बैठा था। उनका आते ही मुझसे यही प्रश्न होता था कि आप चुनाव में इतने बेफ्रिक होकर क्यों बैठे हैं, इस पर वे फक्र से जवाब देते थे कि उनका चुनाव उनके वर्कर और अम्बाला छावनी की जनता लड़ रही है।

**जवाबदेह**

**मैंने अम्बाला छावनी में कराए गए विकास के मुद्दे पर विधानसभा चुनाव लड़ाः अनिल विज**

# आर्य समाज ने देश का उपकार कियाः महेन्द्र कुमार शास्त्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** जिस समय भारतीय समाज में नारी को न पढ़ने देना, उन पर अत्याचार करना, छुआछूत आदि बुराइयां फैली हुई थी, उस समय महर्षि दयानन्द सरस्वती ने वेद का प्रचार कर बुराइयों को दूर हटाने का काम किया। आर्य समाज ने देश का बहुत बड़ा उपकार किया है। ये विचार वैदिक प्रवक्ता पंडित महेन्द्र कुमार शास्त्री ने व्यक्त किए। वे शनिवार को शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यजुर्वेद पारायण महायज्ञ पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सुधीर दहिया-अनीता, विनय मलिक-सुमन, प्रदीप कुमार-नेहा, सत्यपाल दहिया-मीना, प्रवीण कुमार-सुनीता तथा नरेश चंद गोयल-रेणु महायज्ञ के यजमान बने।



सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जसवन्त सिंह, वेद प्रचार मंडल के पूर्व जिलाध्यक्ष जयसिंह दहिया तथा नरेश चंद गोयल ने वार्षिकोत्सव का उद्घाटन किया। भजनोपदेशक रामनिवास आर्य, अजित सिंह मलिक, रणबीर सिंह सांघी ने मधुर भजन प्रस्तुत कर खूब समाँ बाँधा। वैदिक प्रवक्ता ने कहा महर्षि दयानंद सरस्वती ने पहली बार स्वराज्य शब्द का प्रयोग किया था। इस शब्द से प्रेरित होकर असंख्य नर-नारी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी जिन्होंने जेलें काटी और फांसी के फंदे को भी हंसते-हंसते चूम लिया।

## न्यूज फ्लैश

### महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में स्थाणु सेवा मंडल द्वारा जर्सी व बूट वितरण कार्यक्रम किया आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्रः** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में स्थाणु सेवा मंडल द्वारा जर्सी व बूट वितरण के सहायता समारोह का आयोजन हुआ। षडदर्शन साधु समाज हरियाणा के अध्यक्ष परमहंस संत ज्ञानेश्वर महाराज मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज ने की। स्थाणु सेवा मंडल के अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि शहर के विभिन्न 6 स्कूलों के वंचित व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 250 बच्चों की सहायता की गई। 200 विधार्थीयों को मुफ्त जर्सीयां व 50 बच्चों को शूज का वितरण हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर विधालय प्रांगण में स्थापित महंत प्रभात पुरी सिलाई व कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र में इस सत्र के 20 पास आउट प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। महंत वंशी पुरी ने विधार्थियों को मेहनत पर बल देते हुए कहा कि वे साधनों की कमी को पढ़ाई में बाधा न बनने दें। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने अपने संबोधन में निस्वार्थ सेवा हेतू संस्था, दानी एडवोकेट यशपाल गुप्ता व चार्टड अकाउंटेंट गौरव गुप्ता की भूरि भूरि प्रशंसा की। विधालय प्राचार्य भजन राठोर ने जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांधी नगर, मनु शिक्षा सदन, गुरु नानक किडज व स्वयं उनके अपने विधालय की ओर से जरूरतमंद बच्चों की सहायता करने के लिए संस्था, दानकर्ता व मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वामी महेश पुरी जी, स्वामी लक्ष्मी नारायण पुरी जी, मदन लाल पाहवा, रमेश सचदेवा, प्रेम मदान,अनिल पोपली, स्थाणु सेवा मंडल के पदाधिकारीगण, महंत प्रभात पुरी सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र की मुख्य प्रशिक्षक संगीता, प्रतिभागी स्कूलों के मुखिया,उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा,रेखा धीमान, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी,अनु पाहवा,रीटा योगी,? सुमन धीमान, मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, आलिषा अरोडा, आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा भैरव अष्टमी महायज्ञ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरूक्षेत्र** : जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को भोर काल में भैरव अष्टमी महायज्ञ पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। पवित्र मार्गशीर्ष माह और भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में धर्मनगरी में पहली बार कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में हुए इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर भैरव जी की नाना प्रकार से स्तुति की। ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल के मार्गदर्शन में यज्ञाचार्य पंडित हरीश गोंदिया,अभिषेक कुश और आशु भार्गव के मंडल ने काशी,उज्जैन,हरिद्वार और कुरुक्षेत्र के 108 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा यजमानों से आहुतियां डलवाई। यज्ञ पूणार्हुति से पूर्व भैरव जी का जागरण किया गया जिसमें काशी के संतों ने इस महायज्ञ की महत्ता बताई। जो श्रद्धालु किसी कारणवश यज्ञ में हिस्सा नहीं ले सके,उन्होंने भैरव चालीसा का पाठ किया। यज्ञाचार्य पंडित हरीश गोंदिया ने बताया कि भैरव उपासना से भय और अवसाद का नाश होता है। व्यक्ति को अदम्य साहस मिल जाता है। शनि और राहु ग्रह की बाधाओं से मुक्ति के लिए भैरव जी की पूजा अचूक होती है। भगवान काल भैरव को रक्षक और संरक्षक माना जाता है। उनका नाम जोकि "काल" और "भैरव" शब्दों को जोड़ता है, समय के स्वामी और अज्ञानता और भय को दूर करने वाले का प्रतिनिधित्व करता है। वह नकारात्मक ऊर्जा, बुरी आत्माओं और काले जादू को खत्म करने वाले हैं और भक्तों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। महायज्ञ में गोपाल शर्मा,शिव प्रकाश शर्मा,अंकुश गुप्ता,अभिषेक गुप्ता,विकास सिंगला,रघुवीर सैनी,नरेश सैनी,गोपाल कृष्ण मित्तल,बरखा राम,नवनीत,दिलबाग सिंह,उग्र सिंह, देवेन्द्र शर्मा और शिवकुमार आदि यजमान परिवार सहित शामिल हुए।

# राज्यपाल ने एमएम यूनिवर्सिटी का किया अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/बराड़ाः** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने एमएम यूनिवर्सिटी मुलाना का अवलोकन किया और यहां पर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-सथ अन्य क्षेत्र में आगे बढने के लिए जो गतिविधियां की जा रही है उसकी जानकारी हासिल की। इस मौके पर एनसीसी के कैंडिडेट्स की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम के दौरान एमएम यूनिवर्सिटीके पदाधिकारी डा. विशाल गर्ग व अन्य मैनेजमैंट द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर उनका यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया गया।

हरियाणा के महामहिम राज्यपाल ने एमएम यूनिवर्सिटी का अवलोकन करते हुए यहां पर स्थापित लैब, लाइब्रेरी, रिसर्च सेंटर व हॉस्पिटल का दौरा किया और यहां दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता के बारे जानकारी हासिल की। उन्होने लाइब्रेरी में उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की। इस मौके पर



यूनिवर्सिटी की मैनजमेंट द्वारा ट्रस्ट, हॉस्पिटल व कॉलेज की स्थापना व कार्यप्रणाली के बारे में अवगत करवाया गया।

महामहिम राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि आज का युवा कल का कर्णधार है। युवाओं को दिशा अगर ठीक मिल गई तो देश का विकास निश्चित होगा। युवा देश का भविष्य है, विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का अहम योगदान रहेगा। उन्होने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों में युवाओ को आगे अग्रसर रहना चाहिए। नशे को रोकने को लेकर हम सब को मिलकर प्रयास करने होंगे तभी नशे को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

**दौरा**

**शिक्षा के साथ-सथ अन्य क्षेत्र में आगे बढने के लिए जो गतिविधियां की जा रही है उसकी जानकारी हासिल की**

# तेज रफ्तार ट्रक ने दो-पहिया वाहन को चपेट में लिया, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार ट्रक ने दो-पहिया वाहन चालक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव जाखौली निवासी मनीष ने बताया कि वह निजी कंपनी में काम करता है। उसका दोस्त संजय (20) निजी काम के लिए जीटी रोड पर गया हुआ था। रात को करीब 11 बजे वापिस आते समय पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में वाहन चालक ने रोककर देखा, लेकिन उसके बाद वाहन को लेकर फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# डंडों से मारपीट कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में स्थित पार्क में बुलाकर युवक से मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिक्का कॉलोनी निवासी गौरव ने बताया कि वह प्राइवेट काम करता है। गत 15 नवंबर को करीब छह बजे शाम को सेक्टर-12 में किसी काम से आया हुआ था। उसके साथ सच्चू उर्फ साहिल आया हुआ था। उसी दौरान साहिल निवासी सरदाना ने अपने फोन से नरेंद्र को मंदिर के पास वाले पार्क में बुलाया। उसने आते ही कहा कि उसके ब्याज सहित रुपये वापिस दो। उसने कहा कि अभी उसके पास रुपये नहीं है। उसी दौरान नरेंद्र ने हाथ में लिए डंडे से हमला कर दिया। उस पर डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां उसने अपना उपचार करवाया।

# युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस ने प्लॉट विवाद में मारपीट कर युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आनंद निवासी मुकीनपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। गांव मुकीनपुर निवासी मुकेश ने गत 18 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनके पास बेटा व एक बेटी है। वह 16 नवंबर को अपने मामा के घर गांव कटवाल में शादी समारोह में गई थीं। 17 नवंबर को उनके पति कप्तान (50) ने कॉल कर बताया था कि गांव के राजू ने उनकी पिटाई की है। राजू के साथ उसका भाई सोनू व उनका एक साथी भी हैं। वह धमकी दे रहे हैं कि तुझे जान से मारेंगे। जिसके बाद वह 18 नवंबर को अपने घर पहुंची तो उनके पति का खून से लथपथ शव घर पर पड़ा मिला। उनके शरीर चोट के निशान थे। मुकेश ने बताया कि उनके जेठ बलबीर ने उन्हें जानकारी दी कि रात करीब साढ़े 11 बजे गांव का सोनू, राजू व एक अन्य कप्तान को घर के बाहर फेंककर गए हैं। वह सफेद रंग की गाड़ी में आए थे। बलबीर ने बताया कि जाते हुए उन्हें भी मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में तीनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

**काबू**

**गिरफ्तार आरोपित आनंद निवासी मुकीनपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**

# एक्टिवा सवार दो झपटमारों ने बुजुर्ग महिला से कान की बालियां छीनी

**यमुनानगर।** सब्जी लेकर घर वापिस लौट रही बुजुर्ग महिला से एक्टिवा सवार दो झपटमार बदमाश कानों की बालियां छीनकर फरार हो गए। सारी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस व अपराध शाखा की टीमें मौके पर पहुंची। बुजुर्ग महिला के बयान के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार को यमुनानगर के प्रहलाद पुरी की बुजुर्ग महिला मंजीत कौर ने बताया कि वह कल रात को सब्जी लेने के बाद जब घर के नजदीक पहुंची तो गली में एक्टिवा पर दो युवक चक्कर लगा रहे थे।

# व्याख्यानः नशाखोरी-कारण, प्रभाव और रोकथाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** सियास्ते कुरुक्षेत्र में आज "नशाखोरी - कारण, प्रभाव और रोकथाम" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा जो राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हैं मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण संस्थान के इंचार्ज डॉ. परवीन कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस विशेष व्याख्यान में बीएबीएड और बीएससी बीएड के सभी स्टाफ सदस्य और छात्र उपस्थित थे। विशेष बात यह है कि ये भारत के विभिन्न




राज्यों से सम्बन्ध रखते हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा, जो एक अनुभवी पुलिस अधिकारी और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर काम करने वाले कार्यकर्ता हैं, ने व्याख्यान में नशाखोरी के कारणों, उसके गंभीर प्रभावों और रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को नशाखोरी के खतरों के बारे में जागरूक किया और इस जटिल समस्या से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए डॉ सुमंत गोयल ने कार्यक्रम का महत्व बताते हुए बताया कि यह विशेष व्याख्यान शिक्षकों और छात्रों को नशाखोरी की गंभीरता को समझने और भविष्य में इस मुद्दे से निपटने के लिए उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। अंत में सभी स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने नशे के विरुद्ध अभियान में शामिल होने की शपथ ली। मंच संचालन डॉ अजमेर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुमन, डॉ संदीप, डॉ रीटा, डॉ सुमित, श्री कृष्ण शर्मा, श्री अशोक कुमार, श्रीमति गीता, डॉ राजेंद्र, डॉ विजय विद्यार्थी, डॉ तान्या आदि उपस्थित रहे।

**जागरूक किया**

**पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा जो राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हैं**

# दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : सदर** थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन उर्फ रसगुल्ला बैंयापुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 5 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का करता है। वह मजदूरी के लिए गया हुआ था। उसकी बेटी घर पर अकेली थी। उसी दौरान आरोपित ने उसकी बेटी के साथ गलत काम किया। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बेटी मायूस रहने लगी। मायूसी का कारण पूछने पर मामले को लेकर अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

**काबू**

**गिरफ्तार आरोपित अमन उर्फ रसगुल्ला बैंयापुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**

# युवा महोत्सव का मंच युवाओ को दे रहा एक नई उड़ानः पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव का मंच युवाओं को अपनी प्रतिभाओं के दम पर एक नई उडान भरने का अवसर देने के साथ उन्हें जीवन मे मजबूती से आगे बढने की प्रेरणा प्रदान करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कला एवं गतिविधियों और खेल-कूद जैसी प्रतियोगिताओं मे बढ-चढ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन का अनुभव सांझा कर बच्चों को जीवन में मेहनत और लग्न के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा




कि शिक्षक व अभिभावक बच्चों मे छीपी प्रतिभाओं को तराशने का कार्य कर अहम भूमिका अदा करें। नगराधीश पूजा कुमारी पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार मे आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024 के कार्यक्रम मे युवाओं को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले उनका यहा पंहुचने पर राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगराधीश ने प्रतिभागियों द्वारा दी गई प्रस्तुतिओं की झलक की खूब सराहना की। इसके उपरांत उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए और उन्हें जीवन मे आगे बढने की प्रेरणा दी।

उन्होंने बताया कि युवा मामले, कौशल विभाग हरियाणा व नेहरू युवा केन्द्र के सौजन्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव-2024 का विधिवत समापन्न किया गया जिसमें जिला के युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभाओं के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए चुने गए है।

उन्होंने कहा कि बच्चो को शिक्षा के साथ विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों मे भाग लेना चाहिए और इसमें शिक्षकों व अभिभावकों को बच्चों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि युवा को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए और खेल-कूद में भी बढ-चढ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसको पाने के लिए कडे प्रयास करने चाहिए और तब तक प्रयास करते रहना चाहिए जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

# युवा ग्राम पंचायत बीड कालवा के सरकारी स्कूल में हुई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/बाबैनः** ब्लॉक स्तरीय युवा ग्राम पंचायत आज बीड कालवा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। इसके पूरे कार्यक्रम को विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने वास्तविक ग्राम पंचायत का अनुभव किया कि गांव में ग्राम पंचायत कैसे कार्य करती है। इस प्रतियोगिता में युवाओं को ग्राम पंचायत की भूमिका की जानकारी दी जाती है। सरकार की तरफ से गांव में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया



जाता है। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों ने सरपंच पंच ग्राम पंचायत, आशा वर्कर आंगनवाड़ी वर्कर डॉक्टर पशु चिकित्सा बैंक, मैनेजर, एडीओ उपमंडल अधिकारी बिजली विभाग पटवारी जैसे चरित्र का जीवंत रोल अदा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानचंद सैनी ने डाइट पलवल से आए निर्णायक मंडल के सदस्य डॉक्टर राजेंद्र कुमार व गुरमेल का स्वागत किया।

# नरेलाः विजयपथ फाउंडेशन ने धूमधाम से मनाई खत्री दंपति की सालगिरह







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** विजय पथ फाउंडेशन द्वारा नरेला विद्यानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता नीलदमन खत्री व उनकी धर्मपत्नी पूर्व निगम पार्षद केशरानी खत्री की शादी की 25वीं सालगिरह बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ केक कटवाकर मनाई गई। इस दौरान विजयपथ फाउंडेशन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में विजय पथ फाउंडेशन द्वारा पूर्व विधायक नीलदमन खत्री व उनकी धर्मपत्नी केशरानी खत्री की सालगिरह मामूरपुर स्थित विधायक आवास पर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूर्व विधायक नीलदमन खत्री व उनकी धर्मपत्नी केशरानी खत्री ने सबकी मौजूदगी में केक काटा। वही विजयपथ फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेटकर खत्री दंपति को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाए बधाई दी।

इस दौरान उनके आवास पर बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। सगे संबंधियों से लेकर नेता-कार्यकर्ता तक ने खुलकर शुभकामनाएं दी व खत्री दंपति की सलामती को दुवाओ के साथ सब ने इस दिन को बेहद खास बनाया। इस अवसर पर विजयपथ फाउंडेशन के संरक्षक अंकु विजय भगत ने खत्री दंपति को सालगिरह की बधाई दी और कहा कि आपका दांपत्य जीवन चिरकाल तक पल्लवित, पुष्पित रहे। यही ईश्वर से मंगल कामना करते है वैवाहिक वर्षगांठ पर अनंत शुभकामनाएँ। इस मौके पर खत्री दंपति ने केक काटकर एक दूसरे को सालगिरह की बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुँचे कार्यकर्ताओ, समर्थको, सगे संबंधियों ने युगल दंपति को गुलदस्ते, उपहार भेंटकर सालगिरह की शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा हमारी सालगिरह के अवसर पर आप सभी ने स्नेह, दुलार और अपनेपन से ओतप्रोत शुभकामनाए व बधाई हमें दी है। मैं बहुत खुशी और आदर के साथ आप सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और आशा करता हूँ कि आपका इसी तरह से स्नेह, सहयोग व प्रेम यू ही बना रहे, यही मेरी ईश्वर से प्रार्थना है। इस मौके पर विजय भगत अंकु, ओम प्रकाश साह, सुनील शर्मा,दयानन्द चौरसिया, संतोष झा, हरेराम मंडल, सुशील कुमार, रवि रंजन, सोनू गुप्ता, सुनील साह, रणवीर सिंह, पुतुल श्रीवास्तव, संध्या सिंह, रानी दुबे, स्वीटी , प्रेम कुमार, आनंद कर्ण, राकेश मिश्रा, राम बाबु सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सहूलियत ना लेने का वादा कर, शीश महल में विराजे केजरीवालः शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भ्रष्टाचार को खत्म कर जन आंदोलन से जन्मी आम आदमी पार्टी अब खुद पूरी तरह से भ्रष्टाचारों में लिप्त केजरीवाल सरकार व उसके मंत्रियों का काला चिट्ठा देश की जनता के सामने आ गया है। जिसके बाद दिल्ली की जनता खेद भी जता रही है कि उन्होंने देश के सबसे बड़े भ्रष्ट व्यक्ति को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चुना है। उक्त सभी बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के मंडल अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा ने कही। शर्मा ने बताया कि दिल्ली में अगर सबसे ज्यादा किसी के साथ धोखा हुआ है तो वो है बुराड़ी विधानसभा



क्षेत्र की जनता। क्योंकि बुराड़ी विधानसभा में लोगों को बुनियादी सुविधाओं के नाम पर मिली है तो सालों से टूटी-फूटी सड़कें व उससे उड़ती धुल-मिट्टी, इसके अलावा जल बोर्ड के द्वारा गटर से भी ज्यादा गंदे पानी सप्लाई, सफाई के नाम पर फ्लड़ विभाग के कूड़े से भरी हुई नहर, व पीडब्ल्यूडी के टूटे व भरे हुए नाले। जहांगीरपुरी क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या ने ज्यादा ही विकराल रूप ले रखा है। लोगों को काफी महिनों से जल बोर्ड का पीने का पानी नहीं मिल रहा है जिसके चलते लोगों को मंहगे दामों पर पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। केजरीवाल ने जनता को मुफ्त टॉफी खिलाकर जनता की जेबों पर डाका डाला है।

उन्होंने कहा कि जब केजरीवाल ने दिल्ली के रामलीला मैदान से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तब उन्होंने मंच से सार्वजनिक शपथ ली थी की वह आम आदमी है और आम आदमी की तरह ही रहेंगे।

# पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय मांगेराम गर्ग की मनाई गई जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/तीरथ राज**
**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मांगेराम गर्ग को उनके जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर हवन, भंडारा व दीपचंद बंधु अस्पताल अशोक विहार में फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के महामंत्री व सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि मांगेराम गर्ग श्रेष्ठतम सेवा व्रर्ती थे। वे बाल काल में समालखा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पानी पिलाना हो या फिर युवावस्था में विनोवा भावे के सानिध्य में स्वालंबन आंदोलन में अग्रणी भूमिका के रूप में कार्य करते हुए घरों से शौच साफ करना,



प्रौढ़ावस्था में समाज व राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु सैकड़ों संस्थाओं का सृजन, समाज हित में सदैव समर्पित रहने का भाव जीवंत उदाहरण है। उनका जीवन एकाग्रता और निष्ठा से परिपूर्ण समाज और राष्ट्र के कल्याण, उन्नति और विकास के लिए समर्पित रहा। बाऊजी श्रेष्ठ संगठक थे। उनके नेतृत्व में दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर पहली बार हमने विजय का परचम फहराया। उन्होंने अपने सुक्ष्म प्रबंधन कला से दिल्ली में बूथ समिति के कार्यकर्ताओं को प्रत्येक घर के प्रत्येक व्यक्ति के दुख-सुख का सहभागी होने की प्रेरणा दी।

तो वही, सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश ने बाऊजी को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में जिला केशव पुरम भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, पूर्व विधायक डॉ महेंद्र नागपाल, निगम पार्षद योगेश वर्मा, अजय खटाना, पूर्व निगम पार्षद देवराज, अजय शर्मा, सुरेश भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष उमाकांत, प्रवेश टोनी, लाखन सिंह कुशवाहा, गीता गुलाटी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# नरेलाः धूमधाम से मनाया गया युवा समाजसेवी प्रदीप भारद्वाज का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बाहरी दिल्ली के नरेला में प्रसिद्ध समाजसेवी व युवा भाजपा नेता प्रदीप रामनारायण भारद्वाज का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर कई कार्यकर्मों का आयोजन हुआ। जन्मदिन के अवसर पर प्रदीप रामनारायण भारद्वाज ने नरेला क्षेत्र के कई प्रमुख मंदिरों में पहुंच कर भगवान का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर के पुजारियो को कंबल भेंटकर सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पुजारियों ने उन्हें आशीर्वाद दिया और प्रदीप रामनारायण भारद्वाज के उज्जवल भविष्य की कामना की। बाहरी दिल्ली के नरेला में शनिवार को प्रसिद्ध समाजसेवी व युवा भाजपा नेता







प्रदीप रामनारायण भारद्वाज का जन्मदिन उनके बवाना रोड़ स्थित कार्यालय पर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। प्रदीप रामनारायण भारद्वाज के जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी, सगे संबंधियों ने फूलमाला, पुष्पगुच्छ भेंटकर प्रदीप रामनारायण भारद्वाज को जन्मदिन की बधाई दी। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रदीप रामनारायण भारद्वाज ने सबकी मौजूदगी में केक काटा और सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर आप सभी ने स्नेह, दुलार और अपनेपन से ओत-प्रोत शुभकामनाएं व बधाई मुझे दी है। मैं बहुत खुशी के साथ आप सभी को कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और आशा करता हूं कि आप सभी का स्नेह, प्यार और आशीर्वाद मुझ पर हमेशा बना रहेगा। जन्मदिन के अवसर पर निवर्तमान चेयरमैन रामनारायण भारद्वाज ने प्रदीप भारद्वाज के जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि समाजसेवा के कार्यों में हमेशा बढ़- चढ़कर हिस्सा लेने वाले युवा समाजसेवी प्रदीप भारद्वाज को जन्मदिन की बहुत -बहुत बधाई व मंगल शुभकामनाएं। मैं ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। जन्मदिन के मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली न्याय यात्रा में लोगों ने टूटी सड़कों और दुगने बिजली के बिलों पर अपना दर्द किया साझाः देवेन्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के तीसरे चरण में 16वें दिन यात्रा की शुरूआत छतरपुर विधानसभा में असोला फतेहपुर बेरी से नगाड़ा बजाकर की। छतरपुर विधानसभा में श्री यादव सहित न्याय योद्धाओं का भव्य स्वागत किया गया।

श्री यादव को पगड़ी बांधकर उनका सम्मान किया गया। यात्रा के दौरान लोग अपने घरों से यात्रियों का फूलों की बरसात कर-के उनका स्वागत कर रहे थे। सुबह यात्रा से पहले ध्वजारोहण की परम्परा को भी निभाया गया।



खतरनाक प्रदूषण के चलते देवेन्द्र यादव मास्क पहनकर आज की यात्रा पूरी की। आज दिल्ली न्याय यात्रा असोला फतेहपुर बेरी से आगे बढ़कर तिरंगा चौक, 7 ब्लाक पुलिया, दक्षिणपुरी, सुभाष कैम्प, अम्बेडकर नगर पुलिस स्टेशन, दीप स्वीट्स पैलेस, एच ब्लाक से निकलकर तिगड़ी रोड़, तिगड़ी वायुसेना स्टेशन, एल ब्लाक दक्षिणपुरी पर समापन हुआ। यात्रा के दौरान श्री यादव के साथ पूर्व सांसद रमेश कुमार, सचिव प्रभारी दानिश अबरार, चतर सिंह, जिला अध्यक्ष राजेश चौहान, महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, राजेन्द्र तंवर, पूर्व पार्षद मीर सिंह सहित जिला व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, सेल एवं विभागों के पदाधिकारी न्याय योद्धाओं के साथ यात्रा में चल रहे थे।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 11 वर्षो से बदहाली का दंश झेल रही दिल्ली की जनता को न्याय दिलाने के लिए निकाली जाने वाली दिल्ली न्याय यात्रा की लड़ाई मुश्किल जरुर है नामुमकिन नही, आम आदमी पार्टी को दिल्ली से बाहर निकालने के लिए।

## केजरीवाल ने अपना राजनीतिक संतुलन खोयाः कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि ऐसा लगता है कि आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने अपना राजनीतिक संतुलन खो दिया है।

आज पंजाब उपचुनाव में अपनी पार्टी की जीत का जश्न मनाते हुए केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के लोग दिल्ली आते हैं और दिल्ली के विकास को देखकर आप के लिए मतदान करते हैं। दिल्ली के लोग हैरान हैं कि अगर पंजाब के लोगों ने दिल्ली के विकास को देखकर आम आदमी पार्टी के लिए वोट किया।

# वार्ड समिति की बैठक योगेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** वार्ड समिति की बैठक योगेश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पार्षद अमित नागपाल, किशन लाल, शिखा भारद्वाज, ज्योति अग्रवाल, मीनू गोयल, रेणु अग्रवाल एवं चित्रा विद्यार्थी शामिल हुई।

इस बैठक में सभी पार्षदों के एरिया की समस्याओं के निवारण हेतु अध्यक्ष योगेश वर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये कि सभी वॉर्डो में अवैध मीट की दुकानों के विरूद कार्रवाई की जाये। पार्को में पानी के पंपों की समस्या का निवारण किया जाये। आवारा पशुओं पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये। सावर्जनिक शौचालयों को साफ-



सुथरा रखने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाये जिसके लिये एक कमेटी बनाई जाए। जिसमें सहायक आयुक्त, अधीक्षण अभियंता तथा सफाई अधीक्षक को सम्मिलित किया गया और निर्देश दिये कि एक सफाई अभियान चलाये जिसमें कनिष्ठ अभियंता को नोडल ऑफिसर बनाया जाये जो नियमित रूप से एरिया में तथा शौचालयों का निरीक्षण करके प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करे। अध्यक्ष योगेश वर्मा ने पुनः बताया कि हर पार्षद अतिक्रमण के पाँच पॉइंट्स बताये जिनमें प्राथमिकता के आधार पर एक्शन लिया जाये। जिनके लिए नियमित अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जायेगा। इन सभी अभियानों में तीव्रता लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने अगली बैठक से पहले सब मुद्दों की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# आम आदमी पार्टी ने किया जनता को गुमराहः श्याम सुन्दर

## दिल्ली में लहरायेगा भाजपा का परचमः श्याम सुन्दर






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भाजपा** जिला केशवपुरम एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का कार्यकर्ता मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

श्याम सुन्दर ने आगे बताया कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, तभी तो सभी भाजपा से जुड़ना चाहते है। उन्होंने आगे बताया कि हम दिल्ली में जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता आम आदमी पार्टी के राज से खुश नहीं है। भाजपा को शासन में देखना चाहती है। क्योंकि जिस प्रकार से केन्द्र में भाजपा ने कार्य करके दिखाया है। वह सराहनीय है। श्याम सुन्दर ने कहा कि वजीरपुर विधानसभा में लोग टूटी सड़को और सीवर ओवर फ्लो से काफी ज्यादा परेशान है।

## आप राज में शुद्ध जल को तरस रही है जनताः श्याम

**जिला** उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है और जिस कारण से जनता को बाजार से महंगें दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली की जनता बाजार से मंहगे दामों पर पानी खरीद कर पी रही है तो पानी मुफ्त कैसे हुआ। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड को पानी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए। जिससे की दिल्ली की जनता को शुद्ध जल मिल सके।

## 'भाजपा के कार्यों व नीतियों से खुश है देश के लोग'

**भाजपा** के कार्यों और नीतियों से देश के लोग काफी ज्यादा प्रभावित है उक्त बातें जिला केशवपुरम भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व विस्तारक वजीरपुर विधानसभा एससी मोर्चा श्याम सुन्दर ने कही। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास किया है। यही कारण है कि जहां पर भी चुनाव हो रहे है, वहां की जनता भाजपा पर विश्वास कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा राज में शहरों के लोग तो खुश है ही साथ ही ग्रामीण भी भाजपा के कार्यों व नीतियों से काफी ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा का परचम लहरायेगा।

# छात्रवृत्ति: बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन से कतरा रहीं शिक्षण संस्थान

## शिक्षण संस्थाओं की हिचक से लटक सकती है छात्रों की छात्रवृत्ति, तमाम प्रयासों के बाद भी अब तक लगभग आधी शिक्षण संस्थाएं ही प्रक्रिया का बनी हैं हिस्सा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। जनपद** मथुरा छात्रवृत्ति घोटाले के लिए बदनाम रहा है। पूर्व में बडी संख्या में करोड़ों रुपये की छात्रवृत्ति घोटाले के मामले मथुरा में घुले हैं। वर्तमान में भी कई शिक्षण संस्थाएं जांच और कार्यवाही के दायरे में हैं। इस बीच छात्रवृत्ति के नाम पर घोटालों और अनियमितताओं को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसमें लाभार्थी विद्यार्थियों के साथ शिक्षण संस्था और इनके प्रबंधक का बायोमेट्रिक ऑथंटिकेशन भी अनिवार्य किया गया है। इस

**आरोप**

**दूसरी ओर बडी ऐसे शिक्षण संस्थान है जो इस प्रक्रिया का हिस्सा बनने से कतरा रहे हैं**

प्रक्रिया से गुजरने के बाद भी जनपद स्थत से छात्रवृत्ति के लिए भरे गये आवेदनों को आगे भेजा जाएगा। दूसरी ओर बडी ऐसे शिक्षण संस्थान है जो इस प्रक्रिया का हिस्सा बनने से कतरा रहे हैं।



पूर्व में छात्रवृत्ति के नाम पर हुए करोडों रुपए के घोटाले के बाद अब पूरी प्रक्रिया में कई नए स्टेप जोडे गये हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गरीब छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में जो धनराशि दी जाती है उसके लिए अब विद्यालयों को समाज कल्याण विभाग में आकर अपना बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन करना होगा। बिना सत्यापन के किसी भी विद्यालय के छात्र को छात्रवृत्ति मिल पाना संभव नहीं हो पाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि सभी नोडल अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वह जल्द से जल्द अपनी बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन करा लें। छात्रवृत्ति को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार द्वारा बडे निर्णय लिए गए हैं। इसके संबध में सबसे पहले किया गया है पिछडा वर्ग विभाग द्वारा लाभार्थियों को बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन हो गई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा जो भी बच्चे आवेदन करेंगे और जिन भी शिक्षण संस्थाओं से आवेदन होगा उनके नोडल अधिकारियों का उनके प्रबंधक और विद्यार्थियों को बायोमेट्रिक आथेंटिकेशन हमारे ऑफिस में चल रहा है तभी उनका फार्म छात्रवृत्ति के लिए आगे भेजा जाएगा।

# अनुपस्थित चल रहीं 25 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवाएं होगी समाप्त

## लम्बे समय से चल रही हैं अनुपस्थित, इन केंद्रों पर होंगी नई भर्ती

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। जनपद** में 25 आंगनबाडी कार्यकर्ती और सहायिकाएं अपने अपने केन्द्रों से लम्बे समय से अनुपस्थित चल रही हैं। अब जिला प्रशासन ने उनकी सेवाएं समाप्त करने और ऐसे केन्द्रों को रिक्त घोषित कर इनके स्थान पर नई भर्ती करने की प्रक्रिया शुरू होगी। जो आंगनवाड़ी कार्यकत्रि लंबे समय से कार्य नहीं कर रही है उनकी जगह नई आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती की जा रही है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया कि कई आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिका हैं जो लम्बे समय से आंगनबाडी केन्द्रों पर उपस्थित



नहीं हो रही हैं। या तो शादी होकर दूसरे गांव में चली गई हैं या उनको और कोई काम मिल गया है। या अपने बेटे बहू के साथ किसी दूसरे शहर में शिफ्ट हो गई हैं। उनका मानदेय भी लम्बे समय से पोर्टल पर बंद चल रहा है। अब

**कार्यवाही**

**इसी क्रम में 25 केन्द्र चयनित किये हैं और उनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जा रही ह**

यह तय किया गया है कि उनके केंद्र को रिक्त घोषित कर नई भर्ती की जाए। इसी क्रम में 25 केन्द्र चयनित किये हैं और उनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जा रही है ताकि नई भर्ती का विज्ञापन निकालें तो उन पर नई भर्ती की जा सके। आंगनबाड़ियों की भर्ती प्रक्रिया जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### घर के बाहर खड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**मथुरा।**
**थाना** हाइवे क्षेत्र में सौंख रोड स्थित नगला माना में देर रात एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। 35 वर्षीय युवक उमेश घर के बाहर खडा हुआ था तभी एक बाइक पर आये दो अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली चलते ही युवक लहूलुहान होकर गिर पडा। गोली की आवाज सुनकर घर और आस पड़ोस के लोग घटनास्थल की ओर दौडे। युवक को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को घटनास्थल से एक खोका कारतूस भी मिला है। पुलिस टीमें आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। मृतक युवक के परिजनों से भी पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने पूछताछ के आधार पर कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। सीओ सिटी डा. अरविंद कुमार ने बताया कि रात के लगभग साढे ग्यारह बजे सूचना मिली थी कि उमेश नाम के व्यक्ति को गोली मार दी है। अज्ञात पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जल्द ही पुलिस घटना का खुलासा करेगी।

### नायब तहसीलदार ने नौहझील सीएचसी का किया निरीक्षण

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** कस्बा नौहझील स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नायब तहसीलदार मांट द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी सेवाएं दुरुस्त मिलीं। सीएचसी पर तैनात कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शनिवार लगभग 11 बजे मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार मांट पंकज यादव नौहझील सीएचसी पहुंचे। सीएचसी पर पहुंचे मरीजों से बातचीत कर सीएचसी से संबंधित जानकारी ली।इस दौरान सीएचसी पर डाक्टर एवं स्टाफ की उपलब्धता, दवाओं का स्टाक, ऑपरेशन थिएटर, लैब, डिलीवरी रुम आदि का निरीक्षण किया। यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। नायब तहसीलदार पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि नौहझील सीएचसी का निरीक्षण किया गया है। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं हैं। आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौंपी जाएगी।

### गरीब कन्याओं की शादियों में कर रहे सहयोग

**मथुरा।**
**जस्टिस** फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी के शगुन अभियान के अंतर्गत घुमंतू परिवार की कन्याओं की शादी में सहयोग किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता सह किशोर न्याय बोर्ड मथुरा सदस्य सतीश चंद्र शर्मा द्वारा संचालित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी द्वारा झुग्गी झोपड़ियों घुमंतू परिवारों एवं गरीब परिवारों के बच्चो को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के साथ विवाह योग्य कन्याओं की शादी में सहयोग के लिए शगुन अभियान कई वर्षों से चला रहे है। इसी श्रृंखला में घुमंतू जाति के सत्तों गाड़िया लुहार की बेटी की 21 नवम्बर को हुई शादी में सिलाई मशीन, पंखा, चांदी की पायजेब बिछुआ, साड़ियां, पेंट शर्ट, गर्म स्वेटर, चावल की बोरी चीनी की बोरी रिफाइंड एवं तेल कनस्तर आटा की बोरी एवं नगद धनराशि भेट की। इसमें डॉ. योगेश भारद्वाज डॉ पंकज पाठक डॉ आशुतोष दुबे बबीता सारस्वत पूनम वार्ष्णेय सीमा शर्मा पारुल अग्रवाल हरीश बाली एवं सतीश चंद्र शर्मा ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

### युवकों को बंधक बनाकर पीटने में,चार के खिलाफ केस दर्ज

**मथुर।** थाना क्षेत्र में दो युवकों पर मछली चोरी का आरोप लगा चार नामजदों ने बंधक बनाकर हाथ बांध दिये और गाली-गलौज कर मारपीट की। घटना का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। पीड़ित पिता ने पुत्र व भतीजे से मारपीट की तहरीर इलाका पुलिस को चार नामजदों के खिलाफ दी है। पीड़ित लियाकत निवासी टोली मौहल्ला नौहझील ने बताया कि मेरे परिवार का गांव भैरई के कुरावली में मछली पालन का काम करता है। मेरा लड़का आमिर खान व भतीजा फिरोज खान 15 नवंबर शुक्रवार को वहां गये थे। नामजदों ने बंधक बनाकर दोनों के साथ मारपीट की और हाथ पैर बांध दिये व गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा तुम मछली चोरी करने आये थे।घटना की तहरीर इलाका पुलिस को चार नामजदों के खिलाफ दी। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित पिता लियाकत की तहरीर पर चार नामजदों अलीशेर, गुलशेर, हमजत व नदीम निवासी टोली मौहल्ला नौहझील के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### डूडा ने तैयार की अपात्र आवेदकों की सूची

**मथुरा।** परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण अजीत कुमार ने अवगत कराया है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत जो लाभार्थी अपात्र, माइग्रेट, पक्का मकान, आवास निर्माण के इच्छुक नहीं हैं, ऐसे सभी लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित नगर निकाय कार्यालय में चस्पा की गई है। इन सभी लाभार्थियों को अपात्र करते हुए संशोधित डीपीआर तैयार की जाएगी, जिससे स्वीकृत परियोजनाओं को पूर्ण किया जा सके। इन लाभार्थियों की सूची इस आशय से निकाय कार्यालय में चस्पा की जा रही है कि इनमें से कोई पात्र, इच्छुक लाभार्थी योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे एवं अपनी आपत्ति निकाय अथवा डूडा कार्यालय में सात कार्य दिवस दिवस में दर्ज करवा सकते हैं। 30 नवंबर के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

### फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना बलदेव पुलिस ने थाना ग्राम नगला संजा में फायरिंग करने वाले नामजद अभियुक्त को एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बलदेव त्रिलोकी सिंह के मुंताबिक शुकवार को नगला संजा अकोश मे हुई फायरिंग की घटना के सम्बन्ध मे पंजीकृत कराये गये अभियोग में नामित व वांछित अभियुक्त चंद्रपाल पुत्र मायाराम उर्फ मातादीन निवासी ग्राम नगला संजा थाना बलदेव को शनिवार को मुखविर की सूचना पर बरौली तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसकी निशानदेही से घटना मे प्रयुक्त एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा तमंचा की नाल मे फंसा हुआ एक जिन्दा कारतूस बरामद किये गये हैं।

# लूट का मोबाइल किया बरामद

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने लूटे गये मोबाइल फोन के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पवन कुमार पुत्र दाऊ जी निवासी जहांगीर पुर थाना मांट जिला मथुरा हाल निवासी रामानुज नगर कॉलोनी गुरुकुल के पीछे वृन्दावन थाना वृन्दावन जिला मथुरा को गुरुकुल विश्वविद्यालय के पास से चोरी के मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल यूपी 85 सीपी 0312 को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। मथुरा। थाना शेरगढ़ पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को बल्ली मास्टर पुत्र लच्छी सिंह निवासी निषाद मोहल्ला थाना व कस्बा शेरगढ़ व प्रमोद पुत्र मोहन सिंह निवासी निषाद मोहल्ला थाना शेरगढ़ मथुरा को गिरफ्तार किया है।

# योगी सरकार में तेज हुई गोरखपुर की औद्योगिक रफ्तार

## 30 नवंबर को गीडा के स्थापना दिवस पर 88 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन पत्र वितरित करेंगे सीएम योगी, 1286 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग होगा प्रशस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर: गोरखपुर** में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की स्थापना तो 35 वर्ष पूर्व हो गई थी लेकिन इस प्राधिकरण के गठन का मकसद योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते सात साल से ही पूरा होता दिखाई दे रहा है। योगी सरकार में गीडा को केंद्रित कर गोरखपुर में औद्योगिक विकास की रफ्तार साल दर साल तेज होती दिख रही है। 30 नवंबर को गीडा के 35वें स्थापना दिवस पर इस रफ्तार की एक नई बानगी देखने को मिलेगी जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 88 नए औद्योगिक भूखंडों का आवंटन कर 1286 करोड़ रुपये के निवेश और 5200 लोगों के रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेंगे। जिस गीडा क्षेत्र में 2017 के पहले तक लचर कानून व्यवस्था, सुविधाओं के घोर अभाव और सरकारों के उदासीन रवैये से निवेश दूर की कौड़ी लगती थी। अब उसी गीडा में योगी सरकार में निवेश की

**विकास पर बल**

**मुख्यमंत्री बनने के बाद सात साल में माहौल ऐसा बदला कि अब दोनों एक दूसरे के पूरक बन गए हैं**

बहार है। जहां यूनिट लगाने से उद्यमी कतराते थे, वहां अब हर साल उद्योगों की श्रृंखला खड़ी हो रही है। उद्यमियों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियों के साथ समय-समय पर खुद उद्यमियों के बीच मुख्यमंत्री के होने से औद्योगिक माहौल बेहतर होता गया और नोएडा की तरह गीडा भी निवेश के लिए लिए बेहतरीन गंतव्य बन गया है। इंडस्ट्री और गोरखपुर के बीच दशकों तक विरोधाभासी रिश्ता बना रहा लेकिन योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद सात साल में माहौल ऐसा बदला कि अब दोनों एक दूसरे के पूरक बन गए हैं। जिस गोरखपुर में स्थानीय पूंजीपति भी औद्योगिक निवेश करने से घबराते थे, अब वहां देश की नामी कम्पनियों के आने की होड़ सी दिखती है। निवेश के लिए भूखंडों की डिमांड बढ़ी तो स्वाभाविक तौर पर गीडा ने अपना लैंड बैंक भी मजबूत किया।

पिछले एक साल में (31 अक्टूबर 2024 तक) गीडा ने 501.68 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया। यह गत वर्ष की तुलना में दोगुना है। वर्ष 2023-24 में गीडा ने 250.46 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था।

# पुलिस महानिदेशक ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पुलिस का स्टीकर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ :उत्तर** प्रदेश पुलिस के 73वें पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को पुलिस झण्डा (स्टीकर) लगाया। पुलिस झण्डा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। राज्यपाल ने पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के सभी पुलिसजनों को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुलिस झण्डा (स्टीकर) लगाया गया एवं पुलिस झण्डा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के सभी पुलिसजनों को शुभकामनाएं दीं। पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय, लखनऊ के प्रांगण में ह्यपुलिस झण्डा दिवसह्ण का आयोजन किया गया। पुलिस ध्वज को ध्वज स्तम्भ के निकट ससम्मान लाया गया। डीजीपी और अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस ध्वज का अभिवादन किया। बैण्ड द्वारा ह्यसारे जहाँ से अच्छाह्ण धुन बजायी गयी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक रूल्स एण्ड मैनुअल, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। डीजीपी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम सभी उत्तर प्रदेश पुलिस के 73वें झण्डा दिवस के गौरवशाली अवसर पर एकत्रित हुए हैं। इस दिन हम अपने ध्वज की गरिमा एवं इसके प्रति अपने दायित्वों का स्मरण करते हैं। हम सभी अवगत हैं कि 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री ने पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया था।

# नतीजों ने भाजपा के साथ कांग्रेस को भी कर दिया खुश

**लखनऊ: उप्र** की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के रुझानों ने भाजपा को खुश कर दिया। इस उपचुनाव में दो सीटें सपा ने गवां दी। 62 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं वे कुंदरकी विधानसभा सीट पर जीत हासिल कर भाजपा ने सबको चौंका दिया। वहीं इस उपचुनाव ने भाजपा के साथ ही सपा के सहयोगी कांग्रेस को भी खुश कर दिया है। इसका कारण है कि समाजवादी पार्टी की हार के बाद आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मोलभाव करने में सुविधा होगी। वह अब यह कह सकेगी कि सपा अकेले दम पर उप्र में जीत का परचम नहीं लहरा सकती।

# अभ्युदय योजना से जुड़े बच्चों ने लहराया परचम




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा में मुख्यमंत्री योगी की अभ्युदय योजना से जुड़े बच्चों ने अपना परचम लहराया है। योजना से जुड़े 173 छात्र-छात्राओं ने लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के गरीब छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य के 75 जिले में 156 कोचिंग सेंटर संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी की अभ्युदय योजना गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अपने शुरूआत से ही यह योजना प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों के बीच तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। मुख्यमंत्री की यह दूरदर्शी पहल राज्य के वंचित और गरीब वर्ग के छात्र-छात्राओं को एक नई दिशा देने का काम कर रही है।

**48 छात्राओं ने पुलिस भर्ती परीक्षा में मारी बाजी:** प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय योजना सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार, योजना से जुड़े प्रदेश भर से कुल 173 अभ्यर्थियों में 125 छात्रों ने सफलता हासिल की है वहीं 48 छात्राएं बाजी मारी हैं। इस योजना के माध्यम से छात्रों को निःशुल्क कोचिंग, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**लखनऊ, बलिया, देवरिया, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर सेंटर से सबसे ज्यादा अभ्यर्थी हुए पास:** प्रदेश के सभी 75 जिले में संचालित कुल 156 कोचिंग सेंटरों में लखनऊ, बलिया, देवरिया, अम्बेडकरनगर व सुल्तानपुर के अभ्यर्थियों ने सबसे अधिक सफलता हासिल की है। लखनऊ सेंटर से जहां 35 अभ्यर्थियों ने बाजी मारी वहीं बलिया से 17 अभ्यर्थियों ने पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**प्रतियोगिता**

**प्रतियोगिता का आयोजन व्यायाम शिक्षक प्रभारी अशोक फौजदार एआरपी के निर्देशन में हुआ**

**मथुरा।**
**विकास** खंड गोवर्धन के परिषदीय विद्यालयों के छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिता बाबा कढेरा सिंह इंटर कॉलेज अक्खा में संपन्न हुई । प्रतियोगिता में आठ न्याय पंचायतों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी गोवर्धन बुद्धसेन सिंह



एवं समाजसेवी प्रहलाद सिंह ने एवं यूटा के जिला महामंत्री विकास यादव ने किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। 600 मीटर(जूनियर वर्ग) दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय सींगापट्टी की मोनिका व पवन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । 50 मीटर ( प्राथमिक वर्ग ) में भी उच्च प्राथमिक विद्यालय सींगापट्टी के अंशु व भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय देविया की टीम प्रथम रही दूसरा स्थान उच्च प्रावि सींगापट्टी की रही। लम्बी कूद में उच्च प्राथमिक विद्यालय देविया प्रथम सींगापट्टी तृतीय स्थान पर रही ,खो खो मे उच्च प्राथमिक विद्यालय बंजारा की टीम प्रथम रही दूसरे स्थान पर सींग पट्टी की टीम रही। प्राथमिक विद्यालय बुरावई आदि के छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालन यूटा के जिला महामंत्री विकास यादव व वरिष्ठ शिक्षक संकुल नरेंद्र तिवारी ने किया।

खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन व्यायाम शिक्षक प्रभारी अशोक फौजदार एआरपी के निर्देशन में हुआ।

# राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए टीम की हुई घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: ओडिशा** में होने वाले राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए उप्र की टीम की घोषणा हो गयी है। नीरज कुमार की अध्यक्षता में एथलेटिक्स उत्तर प्रदेश की चयन समिति की घोषणा की गई। इन एथलीटों का चयन 15 से 18 सितंबर तक आयोजित हुए उप्र राज्य वार्षिक जूनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में किए गये प्रदर्शन के आधार पर की गयी। इसके बाद इन खिलाड़ियों ने 10 से 12 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित 35वें नॉर्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स के दौरान अच्छा प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

**दिल्ली में आयोजित 35वें नॉर्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया था**

किया था। इन टीमों के प्रमुख मैनेजर के तौर पर पीलीभीत के डोरी लाल शर्मा, मथुरा के जय सिंह, आगरा के गौरव और पीलीभीत की नीलिमा शर्मा होगी। वहीं कोच के रूप में संदीप यादव और कल्पना चौधरी रहेंगी। वहीं कप्तानी बागपत के लक्ष्य और बहराइच की डाली शर्मा करेंगी। अंडर 20 पुरुष वर्ग में लक्ष्य (100 मी. एवं 200 मी.) हिमांशु राठी (800 मी.) समीर अब्बासी (ट्रिपल जंप) (सभी बागपत से) संजीव का चयन हुआ है। कुमार सिंह (100 मीटर) त्नबहराइचत्न जय शिव (200 मीटर) त्नअलीगढ़त्न उमर सैफी (400 मीटर) दीपांशु शर्मा (भाला फेंक) थ्रो) त्नदोनों गाजियाबाद सेत्न रॉबिन सैनी (400 मीटर) अंशुल बंसल (800 मीटर) अभिजीत तेवतिया (डिस्कस थ्रो)।

# वाराणसी में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया, सीपी ने किया झंडारोहण

## पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़ा,अन्य अफसरों ने विभाग के झंडे को सलामी दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में शनिवार को उल्लासपूर्ण माहौल में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। पुलिस कमिश्नरेट में सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने झंडा लगाकर काम किया। पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त (पुलिस कमिश्नर)मोहित अग्रवाल ने और अन्य अफसरों ने विभाग के झंडे को सलामी दी। इसके बाद पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़ा। सीपी मोहित अग्रवाल ने सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। पुलिस कमिश्नर ने झंडारोहण कर पुलिस कर्मियों को इसके महत्व के बारे में बताया। पुलिस कमिश्नर ने पुलिस अफसरों के लिए आने वाले समय के लिए टारगेट (लक्ष्य) निर्धारित किये। डीसीपी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी। पुलिस झंडा दिवस पर आईजी रेंज कार्यालय में आईजी मोहित गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। आईजी ने उपस्थित पुलिस कर्मियों और अफसरों को झंडा दिवस के बारे में बताया। इसी क्रम में भुल्लनपुर स्थित 34वीं वाहिनी और रामनगर स्थित 36वीं वाहिनी पीएसी में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। 36वीं वाहिनी रामनगर के 'क्वार्टर गार्द' पर सेनानायक ने ध्वजारोहण कर पुलिस झंडे को सलामी दी। 34वीं वाहिनी पीएसी में उप सेनानायक ने ध्वजारोहण किया। उल्लेखनीय है कि हर साल 23 नवंबर को उत्तर प्रदेश में पुलिस झंडा दिवस मनाया जाता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 24 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## जनता के लिए खुलेगा 186 साल पुराना 'राष्ट्रपति आशियाना'

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** राजधानी देहरादून के राजपुर रोड स्थित 186 साल पुराना एतिहासिक राष्ट्रपति आशियाना आगामी अप्रैल माह से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निर्देश पर शनिवार को राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारी देहरादून पहुंचे और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक कर आशियाना में जनता के लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाने के निर्देश दिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निर्देश पर अब देहरादून स्थित 186 साल पुराने राष्ट्रपति आशियाना को आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। 21 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस परिसर का इस्तेमाल अभी राष्ट्रपति बाडीगॉर्ड (पीबीजी) द्वारा किया जा रहा है। परिसर को आम जन के लिए खोलने से पहले आवश्यक तैयारी के लिए शनिवार को आशियाना परिसर में राष्ट्रपति सचिवालय से अपर सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने उच्च स्तरीय बैठक में उत्तराखंड सरकार के उच्चाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। तय किया गया कि आम लोग परिसर के मुख्य भवन तक प्रवेश कर सकेंगे। इस दौरान लोगों को राष्ट्रपति आशियाना के साथ ही भारतीय सेना की 251 साल पुरानी रेजीमेंट पीबीजी के इतिहास और इसके 186 साल पुराने अस्तबल से रूबरू होने का भी मौका मिलेगा।

सैर के मध्य लोग परिसर के खूबसूरत बाग, कैफेटेरिया का भी आनंद उठा सकेंगे। बैठक में परिसर को आम जन के लिए खोलने से पहले बिजली, पानी, पार्किंग की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में पीबीजी के सीओ कर्नल अमित बेरवाल, ओएसडी स्वाति शाही के साथ ही उत्तराखंड शासन के सचिव शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, पंकज कुमार पांडे, देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इससे पहले राष्ट्रपति के निर्देश पर हैदराबाद स्थित राष्ट्रपति नीलायम और मशहोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास को भी आम लोगों के लिए खोला जा चुका है।

## अशोक स्तंभ बनेगा महाकुम्भ का प्रमुख आकर्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज, भारत के महान सम्राट अशोक के स्तंभ और उस पर लिखी सम्राट समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति से परिचित कराने जा रहा है। महाकुम्भ के महाआयोजन को अविस्मरणीय बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रही है।

# राजस्थान की पांच सीटों पर भाजपा का परचम

**एक पर बीएपी और एक पर कांग्रेस जीती, राजस्थान उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने रिकॉर्ड जीत हासिल की**

**जीत**

▸▸ एक सीट चौरासी पर बीएपी और दौसा में कांग्रेस के बैरवा जीते हैं। यहां भाजपा ने रीकाउंटिंग की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राजस्थान उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने रिकॉर्ड जीत हासिल की है। प्रदेश की सात सीटों पर हुए उपचुनाव में से पांच सीटें- झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर, रामगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने जीती हैं। एक सीट चौरासी पर भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) और दौसा में कांग्रेस के दीनदयाल बैरवा जीते हैं। यहां भाजपा ने रीकाउंटिंग की मांग की है। इस सीट पर मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा ने भाजपा उम्मीदवार के तौर पर अपनी



किस्मत आजमाई। खींवसर से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रतन चौधरी की जमानत जब्त हो गई है। खींवसर में हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल को भाजपा के रेवंतराम डांगा ने 13 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। इसी तरह,सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के आखिरी राउंड में बाजी पलट गई और भाजपा की शांता मीना ने जीत दर्ज की। शांता ने बीएपी प्रत्याशी जितेश कुमार कटारा को शिकस्त दी है।चुनाव आयोग ने झुंझुनू, देवली-उनियारा, खींवसर, सलूंबर (एसटी), चौरासी (एसटी) के नतीजे घोषित कर दिए हैं जबकि दौसा और रामगढ़ के नतीजे अभी घोषित नहीं किए हैं। प्रदेश में 5 सीटों पर विधायकों के सांसद बनने और दो सीटों पर विधायकों की मृत्यु हो जाने के कारण उपचुनाव कराए गए थे। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में इन सीटों में से चार कांग्रेस, एक भाजपा, एक भारतीय आदिवासी पार्टी तथा एक राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के पास थी। दौसा विधानसभा सीट से कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा हार गए हैं। झुंझुनूं विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू, देवली-उनियारा में भाजपा के राजेंद्र गुर्जर, रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह जीते है। वहीं चौरासी विधानसभा सीट से भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) प्रत्याशी अनिल कुमार कटारा ने बाजी मारी है।

झुंझुनूं सीट कांग्रेस हार गई है। 21 साल बाद पार्टी ने यहां हार का स्वाद चखा है।

### सलूम्बर: आखिरी राउंड में भाजपा ने पलटी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुर:** सलूम्बर उपचुनाव में मतगणना के पहले ही राउंड से पीछे चल रही भाजपा ने आखिरी चार राउंड में ऐसा पासा पलटा कि विजयी बढ़त बना ली। भाजपा की शांता देवी मीणा 1285 मतों से विजयी घोषित हुईं। इससे पहले 15वें राउंड तक बीएपी के जितेश कटारा की बढ़त को देखते हुए उनकी जीत के अनुमान लगाए जाने लगे थे, लेकिन इसके बाद अंतर कम होता चला गया और बाजी भाजपा के पक्ष में चली मतगणना के पहले राउंड से ही बीएपी के जितेश कुमार कटारा ने बढ़त बनाए रखी थी। 15वें राउंड के बाद, कटारा ने भाजपा की शांता देवी मीणा पर 11,899 मतों की मजबूत बढ़त बना ली थी, जिससे राजनीतिक विश्लेषकों और समर्थकों के बीच उनकी जीत की संभावनाओं को लेकर चर्चा तेज हो गई। हालांकि, 16वें राउंड से स्थिति में बदलाव आना शुरू हो गया। कटारा की बढ़त में धीरे-धीरे कमी आने लगी, जो 15वें राउंड के 11,899 मतों से घटकर 16वें राउंड में 8,838 पर पहुंच गई। इसके बाद, 17वें राउंड में कटारा की बढ़त 4,926 मतों तक सीमित हो गई।

## ..तो टेलीकॉम कंपनियों को 24 घंटे में लेना होगा एक्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारत** में बढ़ते साइबर अपराधों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस साल के शुरूआती चार महीनों में ही 7.4 लाख शिकायतें दर्ज हुईं जिसमें भारतीयों से 1750 करोड़ रुपये ठगे गए। साइबर अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब देने और लोगों के बीच साइबर सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए केंद्र सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। इसके तहत दूरसंचार साइबर सुरक्षा के नए नियमों की अधिसूचना जारी कर दी गई है। साइबर अपराध होने पर त्वरित कार्रवाई की नीति के तहत इस पूरे तंत्र के हर सिरे को समयबद्ध तरीके से ट्रेस करके उस पर काबू किया जाएगा।

**छह घंटे में केंद्र को देनी होगी जानकारी**

दूरसंचार के किसी भी क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को अब हर हाल में एक चीफ टेलीकम्यूनिकेशंस सिक्योरिटी



**अधिसूचना**

▸▸ दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियमों की अधिसूचना जारी की, मुख्य सुरक्षा अफसर केंद्र को देंगे जानकारी

अफसर रखना होगा। दूरसंचार कंपनियों को कोई भी साइबर अपराध कितने ही छोटे या बड़े पैमाने पर क्यों ना हुआ हो, उसकी एक-एक जानकारी अपने चीफ टेलीकम्यूनिकेशंस सिक्योरिटी के जरिये अधिकतम छह घंटे में केंद्र को देनी होगी।

## माल ढुलाई और यातायात के लिए होंगी अलग-अलग सड़कें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वाहनों की वजह से शहरों में हो रहे प्रदूषण और जाम की समस्या को कम करने के लिए सरकार सिटी लॉजिस्टिक प्लान (सीएलपी) लेकर आई है। इसके तहत मुख्य रूप से माल ढोने वाले और यात्री वाहनों के लिए अलग-अलग सड़कें होंगी। इस प्लान पर अमल से लॉजिस्टिक लागत में भी कमी आएगी। सबसे पहले दिल्ली और बेंगलुरु में सीएलपी पर अमल होगा। इन दोनों शहरों के अनुभव के आधार पर देश के अन्य शहरों के लिए सीएलपी का एक विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार किया जाएगा।

**जापान सबसे आगे**

सीएलपी पर अमल में जापान सबसे आगे है और फ्रांस, जर्मनी व नीदरलैंड जैसे देशों में भी शहरों को सक्षम बनाने के लिए सीएलपी पर अमल किया जाता है। अभी माल ढोने वाले ट्रकों व अन्य वाहनों को भी शहर की उन्हीं सड़कों से होकर गुजरना पड़ता है, जिन सड़कों पर यात्री वाहन चलते हैं। इससे जाम व प्रदूषण दोनों समस्याएं आती हैं। वहीं, शहर का मोबिलिटी प्लान तैयार करने के दौरान अमूमन मालवाहक वाहनों की दिक्कतों का खास ध्यान नहीं रखा जाता। शहर से होकर गुजरने के लिए मालवाहक वाहनों को रात का इंतजार करना पड़ता है। इससे उनकी लागत बढ़ती है। सीएलपी के तहत इन्हीं चुनौतियों का हल निकाला जाएगा।

## शहरों में विकास प्राधिकरणों का बदल सकता है स्वरूप



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: शहरों** में विकास प्राधिकरणों की भूमिका समीक्षा के दायरे में है-विशेष रूप से उनकी जवाबदेही और स्वायत्तता पर पहली बार केंद्रीय स्तर पर निगाह डाली जा रही है। खास बात यह है कि विकास प्राधिकरणों के कामकाज की समीक्षा वाले कार्यसमूह का दायित्व उत्तर प्रदेश को दिया गया है, जहां नगर निगमों के साथ विकास प्राधिकरणों की जिम्मेदारी गड्ड-मड्ड होने के सबसे अधिक मामले हैं। शहरी सुधारों के क्रम में यह कार्यसमूह विकास प्राधिकरणों के संदर्भ में बड़ा फैसला कर सकता है। सूत्रों के अनुसार पहले दौर की बैठक में कई सुझाव आए हैं, जिनमें प्रमुख है विकास प्राधिकरणों के कामकाज को नगर निगमों के दायरे में लाने की स्पष्ट व्यवस्था होना। इसके लिए नगर निगमों के अधिकार बढ़ाने होंगे। एक सुझाव बड़े शहरों में क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन का है, जो आसपास के चार-पांच शहरों को

**कार्यसमूह**

▸▸ विकास प्राधिकरणों के कामकाज की समीक्षा वाले कार्यसमूह का दायित्व उत्तर प्रदेश को दिया गया है

मिलाकर एकीकृत प्लानिंग करेंगे। कार्यसमूहों के सदस्यों ने लगभग एक मत से यह स्वीकार किया है कि अधिकारों और जिम्मेदारियों को लेकर स्पष्ट और पारदर्शी व्यवस्था न होने के कारण ज्यादातर समस्याएं आती हैं। सदस्यों ने पूरे देश के उदाहरण गिनाते हुए कहा कि शहरों में सड़कों के रखरखाव जैसे बुनियादी काम भी इस अस्पष्टता के कारण नहीं हो पा रहे हैं।

**विकास प्राधिकरणों के बीच टकराव जैसी स्थिति**

विशेषज्ञों ने एक अन्य सुझाव शहरों में प्लानिंग और डेवलपमेंट, दो अलग-अलग अथारिटी बनाने का भी दिया है।

